

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर-हिंदी दैनिक समाचार पत्र

वरुण-अर्जुन के साथ 800 करोड़ी एक्ट्रेस! :- पेज 8 | टी20 मुंबई लीग का चेहरा होंगे रोहित शर्मा...:- पेज 8

वर्ष : 01 | अंक: 16 | शुक्रवार- 18 अप्रैल 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 4 रुपए


# न्यायाधीश के घर से नकदी मिलने के मामले में प्राथमिकी क्यों नहीं दर्ज की गई : धनखड़

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के आवास से बड़े पैमाने पर नकदी की बरामदगी से जुड़े मामले में प्राथमिकी दर्ज न किए जाने पर बृहस्पतिवार को सवाल उठाया और कहा कि क्या कानून से परे एक श्रेणी को अभियोजन से छूट हासिल है। धनखड़ ने कहा, अगर यह घटना उसके (आम आदमी के) घर पर हुई होती, तो इसकी (प्राथमिकी दर्ज किए जाने की) गति इलेक्ट्रॉनिक रॉकेट सरीखी होती, लेकिन उक्त मामले में तो यह बैलगाड़ी जैसी भी नहीं, उपराष्ट्रपति ने कहा कि न्यायपालिका की स्वतंत्र जांच या पूछताछ के खिलाफ किसी तरह का सुरक्षा कवच नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी संस्था या व्यक्ति को पतन की ओर धकेलने का सबसे पुख्ता तरीका उसे जांच से सुरक्षा की पूर्ण गारंटी प्रदान करना है।

उच्चतम न्यायालय ने 14 मार्च को होली की रात दिल्ली में न्यायमूर्ति यशवंत



वर्मा के आवास पर लगी भीषण आग को बुझाने के दौरान वहां कथित तौर पर बड़े पैमाने पर नोटों की अधजली गड्डियां बरामद होने के मामले की आंतरिक जांच के आदेश दिए थे। इसके अलावा, न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली उच्च न्यायालय से वापस इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज दिया गया था। धनखड़ ने मामले की आंतरिक जांच के लिए गठित तीन न्यायाधीशों की समिति की कानूनी वैधता पर भी सवाल उठाया।

## भारीभरकम अपील दाखिल करने की प्रवृत्ति रोकनी होगी : न्यायालय

***नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को वकीलों को कई पृष्ठों की भारी भरकम अपीलें दायर करने तथा अनावश्यक दस्तावेज संलग्न करने के लिए फटकार लगाई। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने टिप्पणी की, ये क्या प्रवृत्ति है ? सारांश में, कानूनी मामले का हवाला दिया जाता है, सारांश में आधार होते हैं। और यह बहुत बड़ा संकलन है। उच्चतम न्यायालय में अब हम जो भी मामला देखते हैं, सारांश के पहले भाग में लोग उद्धरण देते हैं और फिर सारांश में अपील के आधारों को फिर से प्रस्तुत कर देते हैं। इसे रोकना होगा। पीठ ने कहा, यह किस तरह का भारी-भरकम संकलन हम पर थोपा जा रहा है ? संकलन का बड़ा हिस्सा वादी की आर्थिक क्षमता और वरिष्ठ अधिवक्ता को नियुक्त करने की क्षमता पर निर्भर करता है। यह हर रोज हो रहा है।*



## संक्षिप्त समाचार

### मेहुल चोकसी का प्रत्यर्पण कराने के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहे : विदेश मंत्रालय



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहा है। चोकसी को भारत सरकार के औपचारिक अनुरोध पर शनिवार को बेल्जियम के एंटवर्प में गिरफ्तार किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमारे प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर उसे गिरफ्तार किया गया। हम उसके प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि वह देश में मुकदमे का सामना कर सके। चोकसी 13,500 करोड़ रुपये के बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में भारतीय जांच एजेंसियों को वांछित है।

### प्रख्यात रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रख्यात रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। उनके कार्यालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय के मुताबिक, पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित पटनायक ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्र प्रमुख से मुलाकात की। इसने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से मुलाकात की तस्वीर साझा करते पोस्ट किया, प्रसिद्ध भारतीय रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने इस महीने की शुरूआत में पटनायक द्वारा ब्रिटेन में बनाई गई भगवान गणेश की रेत की मूर्ति की तस्वीर भी साझा की। पटनायक पहले भारतीय हैं जिन्हें दक्षिणी इंग्लैंड के डोरसेट काउंटी के वेमाउथ में आयोजित सैंडवर्ल्ड 2025 अंतरराष्ट्रीय सैंड आर्ट फेस्टिवल के दौरान इस क्षेत्र में उनके योगदान के लिए फ्रेड डारिंगटन सैंड मास्टर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

वक्फ अधिनियम 2025

# न्यायालय ने वैधता पर जवाब के लिए केंद्र को सात दिन का समय दिया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** उच्चतम न्यायालय ने पांच मई तक वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित नहीं करने और केंद्रीय वक्फ परिषद एवं वक्फ बोर्ड में नियुक्तियां न करने का केंद्र सरकार से आश्वासन लेने के साथ ही उसे संबंधित अधिनियम की वैधता पर जवाब दाखिल करने के लिए बृहस्पतिवार को सात दिन का समय दिया।

वक्फ बाय यूजर संपत्ति लंबे समय से धार्मिक या परोपकारी उद्देश्य से इस्तेमाल की जा रही संपत्ति होती है, जिसके लिए लिखित दस्तावेज या रजिस्ट्री की जरूरत नहीं होती।

केंद्र ने वक्फ बाय यूजरह्व समेत वक्फ संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने के खिलाफ अंतरिम आदेश पारित करने और केंद्रीय वक्फ परिषदों व बोर्डों में गैर-मुस्लिमों को नियुक्त करने की अनुमति देने वाले प्रावधान पर रोक लगाने के उच्चतम न्यायालय के प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया।

पीठ ने कहा, सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि प्रतिवादी (भारत सरकार) सात दिन में संक्षिप्त जवाब देना चाहता है। उन्होंने कहा है और आश्वासन दिया है कि सुनवाई की अगली तारीख तक (अधिनियम की) धारा 9 और 14 के तहत परिषद व बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी।

अदालत ने कहा कि मेहता ने यह भी कहा है कि सुनवाई की अगली तारीख तक, अधिसूचना के माध्यम से पहले से पंजीकृत या घोषित वक्फ बाय यूजर समेत वक्फ संपत्तियों की स्थिति से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी और उन्हें गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की तीन न्यायाधीशों की पीठ से आग्रह किया कि संसद द्वारा उचित विचार-विमर्श के साथ पारित कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।

इसके बाद पीठ ने विवादास्पद वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025



की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर प्रारंभिक जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र सरकार को एक सप्ताह का समय दिया और मामले की अगली सुनवाई के लिए पांच मई की तारीख तय की। मेहता ने कहा, यदि माननीय न्यायाधीश वक्फ बाय यूजर के बारे में कुछ कहेंगे, तो इसका क्या परिणाम होगा? उन्होंने कहा, हम सरकार और संसद के रूप में जनता के प्रति जवाबदेह हैं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यदि किसी वक्फ संपत्ति का पंजीकरण 1995 के अधिनियम के तहत हुआ है, तो उन संपत्तियों को अगली सुनवाई तक गैर-अधिसूचित नहीं किया जा सकता।

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए अधिनियम के कुछ प्रमुख प्रावधानों पर रोक लगाने का प्रस्ताव रखा था। इनमें अदालतों द्वारा वक्फ घोषित की गईं संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने और केंद्रीय वक्फ परिषद व बोर्ड में गैर-मुस्लिमों की नियुक्ति का प्रावधान शामिल है।

मेहता ने बृहस्पतिवार को पूछा कि क्या न्यायालय अधिनियम की कुछ धाराओं के प्रारंभिक अध्ययन के आधार पर अधिनियम पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाने पर विचार कर सकता है। मेहता ने कहा, यदि माननीय न्यायाधीश किसी वैधानिक प्रावधान पर रोक लगाने पर विचार कर रहे हैं, तो यह अपने आप में दुर्लभ होगा। हमें माननीय न्यायाधीशों को कानून के इतिहास और उसके बाद संशोधन के बारे में बताना होगा।

उन्होंने कहा कि सरकार को कई ज्ञापन प्राप्त हुए, जिसके परिणामस्वरूप अंततः संशोधित अधिनियम तैयार हुआ। उन्होंने कुछ उदाहरणों का हवाला दिया और कहा कि कई स्थानों पर निजी संपत्तियां वक्फ बताकर हड़प ली गईं। मेहता ने इसे विचार-विमर्श के बाद पारित किया गया विधेयक बताते हुए कहा कि ये याचिकाएं राष्ट्रपति की ओर से अधिनियम को मंजूरी देने से पहले दायर की गई थीं और पीठ ने तुरंत इनपर विचार कर लिया।

पीठ ने कहा, हम इस मामले पर अंतिम निर्णय नहीं ले रहे हैं।

मेहता ने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों पर रोक लगाना एक कठोर कदम हो सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार को अपना प्रारंभिक जवाब देने की अनुमति दी जानी चाहिए।

मेहता ने कहा, मुझे एक सप्ताह के अंदर प्रारंभिक जवाब दाखिल करने की अनुमति दीजिए, और एक सप्ताह में कुछ भी नहीं बदलेगा।

## सरकार ने वक्फ अधिनयम से संविधान के मूल पर हमला किया: कांग्रेस

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 से जुड़े मामले में कुछ बिंदुओं पर अंतरिम राहत मिलने को लेकर बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय का आभार जताया और आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस अधिनियम के माध्यम से किसी समुदाय नहीं, बल्कि संविधान के मूल पर हमला किया है। उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को बृहस्पतिवार को सात दिन का



समय दिया। न्यायालय ने साथ ही यह भी कहा कि इस बीच केंद्रीय वक्फ परिषद और बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा, सरकार जिसे सुधार बता रही है, दरअसल वह अधिकारों पर प्रहार है। वक्फ अधिनियम प्रशासनिक कदम नहीं है, यह एक मूल वैचारिक हमला है। उन्होंने दावा किया, कानून सुधार की भाषा में यह अधिनियम पूरी तरह से 100 प्रतिशत नियंत्रण की नीति लाने का प्रयास करता है। यह न सिर्फ. धार्मिक संस्थाओं पर चोट करता है बल्कि अल्पसंख्यकों के आत्मनिर्णय, स्वायत्तता की भावना को कुचलता है। यह सत्ता की दखलंदाजी को सुशासन कहकर पेश करता है। सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुप नहीं रहेगी और सड़क से लेकर संसद तक इस अधिनियम का विरोध करेगी।

## मोदी सरकार भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे डालेगी : भाजपा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया और किसानों की जमीन हड़पी, उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ईमानदार सरकार सलाखों के पीछे डालेगी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अगर गांधी परिवार ने जनता के पैसे से अपना खजाना भरा है तो उनसे एक-एक पैसा वसूला जाएगा।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नेशनल हेराल्ड मामले में कथित तौर पर 988 करोड़ रुपये के धनशोधन के लिए यहां एक विशेष अदालत में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

इस बीच, व्यवसायी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाद्रा 2008 के हरियाणा भूमि सौदे में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन ईडी के समक्ष पेश हुए। भाटिया ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार का संकल्प भ्रष्टाचार को खत्म करना, भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे डालना और किसानों को उनकी हड़पी गई जमीन वापस दिलाना है। अगर गांधी परिवार ने जनता के पैसे से अपना खजाना भरा है तो उनसे एक-एक पैसा वसूला जाएगा।


भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार के तहत केंद्रीय जांच एजेंसियां ईमानदार बाज हैं और वे भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसती हैं और यह भी सुनिश्चित करती हैं कि भ्रष्टाचार के मामलों में जमानत पर बाहर आए लोगों को जेल भेजा जाए। कांग्रेस ने बुधवार को सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की कार्रवाई को प्रतिशोध की राजनीति बताया।

## हेराल्ड मामले पर रणनीति तय करने के लिए कांग्रेस ने शनिवार को महासचिवों, प्रभारियों की बैठक बुलाई

**नयी दिल्ली (भाषा)** कांग्रेस ने ह्यनेशनल हेराल्डह्व मामले में अपने शीर्ष नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा आरोपपत्र दाखिल किए जाने के बाद आगे की रणनीति तय करने के लिए शनिवार को अपने सभी महासचिवों, प्रभारियों और अग्रिम संगठनों के प्रमुखों की बैठक बुलाई है। यह बैठक यहां कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में होगी। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी एक परिपत्र में कहा गया है कि सभी महासचिवों, प्रभारियों और अग्रिम संगठनों के प्रमुखों की बैठक 19 अप्रैल को शाम चार बजे यहां इंदिरा गांधी भवन में होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में पार्टी को कथित तौर पर निशाना बनाने को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध और प्रदर्शन की योजना तैयार करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## भारत 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये के रक्षा उपकरणों का निर्माण करेगा : राजनाथ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस साल भारत का रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है और 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये मूल्य के सैन्य उपकरणों के निर्माण का लक्ष्य है। राजनाथ ने कहा कि भारत रक्षा उपकरणों के आयात पर अपनी निर्भरता कम करेगा और एक रक्षा औद्योगिक परिवेशी तंत्र बनाएगा, जो न केवल देश की जरूरतों को पूरा करेगा बल्कि रक्षा निर्यात की क्षमता को भी मजबूत करेगा। रक्षा मंत्री ने द वीक पत्रिका द्वारा आयोजित डिफेंस कॉन्क्लेव 2025 - फोर्स ऑफ द फ्यूचर में अपने संबोधन में यह बात कही।



उन्होंने कहा, वह दिन दूर नहीं जब भारत न केवल विकसित देश के रूप में उभरेगा, बल्कि हमारी सैन्य शक्ति भी विश्व में शीर्ष पर होगी। इस वर्ष रक्षा उत्पादन 1.60 लाख करोड़ रुपये को पार कर जाना चाहिए, जबकि हमारा लक्ष्य वर्ष 2029 तक तीन लाख करोड़ रुपये मूल्य के रक्षा उपकरण तैयार करना है।

**अवसर** शेषन को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान प्रमुख चुनाव सुधारों की शुरूआत करने का श्रेय दिया जाता है

# राजीव गांधी की हत्या के बाद शेषन ने गृहमंत्री बनने की पेशकश की थी: गोपाल कृष्ण गांधी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल गोपाल कृष्ण गांधी की एक नयी किताब में दावा किया गया है कि 21 मई 1991 को जब राजीव गांधी की हत्या हुई थी, तब तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) टी एन शेषन ने आम चुनाव प्रक्रिया को तत्काल रोकने का प्रस्ताव रखा था और खुद गृहमंत्री बनने की पेशकश की थी।

गोपाल गांधी उस वक्त तत्कालीन राष्ट्रपति आर. वेंकटरमन के संयुक्त सचिव थे, जब तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक चुनावी रैली के दौरान आत्मघाती बम हमले में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या कर दी गई थी।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में अभिनेत्री शर्मिला टैगोर ने बुधवार को पुस्तक द अनडाइंग लाइटः ए पर्सनल हिस्ट्री ऑफ इंडिपेंडेंट इंडिया का विमोचन किया था। पुस्तक में गांधी ने याद किया कि शेषन ही वह व्यक्ति थे, जिन्होंने राष्ट्रपति को हत्या की खबर दी थी। उन्होंने लिखा है कि शेषन उस रात बहुत तेजी से राष्ट्रपति भवन पहुंच गये थे।गोपाल कृष्ण गांधी राष्ट्रपति भवन में शेषन, वेंकटरमन और राष्ट्रपति के सचिव पी मुरारी के साथ मौजूद थे। उन्होंने कहा कि सीईसी ने इस मामले की तात्कालिकता के बारे में अपने विचार रखे थे।

पुस्तक में कहा गया है, शेषन ने





शीघ्रता से कहा कि उन्हें लगता है कि चुनाव प्रक्रिया को तुरंत रोक दिया जाना चाहिए, देश की सुरक्षा को त्वरित तरीके से नियंत्रण में लाया जाना चाहिए और वह सीईसी के रूप में अपनी भूमिका से परे जाकर कोई अन्य भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं और यदि आरवी (आर वेंकटरमन) को उचित लगे तो वह देश के गृहमंत्री के रूप में भी कार्य कर सकते हैं।

वर्ष 1991 की शुरूआत में कांग्रेस ने यह आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था कि सरकार ने राजीव गांधी की जासूसी कराई थी। चंद्रशेखर ने पद छोड़ दिया और किसी अन्य पार्टी के स्थिर विकल्प प्रदान करने में सक्षम नहीं होने के कारण नये चुनाव कराये गये।

राजीव गांधी की हत्या श्रीलंका के उग्रवादी संगठन लिट्टे (लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम) से जुड़े एक आत्मघाती हमलावर द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान की गई थी।

शेषन को 12 दिसंबर 1990 से 11 दिसंबर 1996 के बीच 10वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान प्रमुख चुनाव सुधारों की शुरूआत करने का श्रेय दिया जाता है। गांधी की डायरी के अनुसार उस दिन शेषन तनावपूर्ण स्थिति के दौरान पूरे समय मौजूद थे। हालांकि, शेषन के किसी भी सुझाव पर विचार नहीं किया गया। प्रधानमंत्री चंद्रशेखर और कैबिनेट सचिव नरेश चंद्रा ने इसके तुरंत बाद राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। इससे पहले चंद्रशेखर और चंद्रा ने उन्हें आश्वस्त किया कि संकट से निपटने के लिए हर कदम उठाया जा रहा है... घबराने की कोई जरूरत नहीं है, चुनाव प्रक्रिया को रोकने की कोई जरूरत नहीं है। पुस्तक में चंद्रा के हवाले से कहा गया है, यहां प्रधानमंत्री, चंद्रशेखर जी ऐसी सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं जो स्थिति पर पूर्ण नियंत्रण रखती है तथा आंतरिक या बाह्य किसी भी स्थिति से पूरे विश्वास के साथ निपटेगी। भारत सुरक्षित है।

## संपादकीय

### चोरी व कुप्रबंधन पर अंकुश जरूरी



जिस राज्य में उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली दी जा रही हो, वहां बिजली चोरी का चिंताजनक स्थिति तक पहुंच जाना, निश्चित ही गंभीर मसला है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड को यदि वर्ष 2024-25 में दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है तो उसकी बड़ी वजह पंजाब में बिजली चोरी का बेहद गंभीर स्थिति को पार कर जाना है। ये नुकसान प्रतिदिन के हिसाब से 5.5 करोड़ रुपये बैठता है। इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात तो यह है कि यह नुकसान सिस्टम की विफलता या प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं हुआ है बल्कि जानबूझ कर सुनियोजित तरीके से की जा रही बिजली चोरी की वजह से हुआ है। राज्य में घाटे में चल रहे लगभग 77 फीसदी फीडर सीमावर्ती और पश्चिमी क्षेत्रों में स्थापित हैं, जिनमें पट्टी, भिखीविंड, अजनाला और जीरा जैसे डिवीजन शामिल हैं, जिनमें से कई संगठित बिजली चोरी के लिए कुख्यात हैं। भूमिगत कुंडी कनेक्शन से लेकर मीटर से छेड़छाड़ और पिलर बॉक्स को निष्क्रिय करके चोरी करना एक आम तरीका बन गया है। आरोप है कि ये चोरी आमतौर पर राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के संरक्षण में होती है। दरअसल, इस विडंबना को नजरअंदाज करना मुश्किल है कि जबकि लोगों को पहले ही छह सौ यूनिट तक सब्सिडी वाली यानी कि मुफ्त बिजली का लाभ उठाने का मौका मिल रहा है, लेकिन इसके बावजूद बिजली चोरी की प्रवृत्ति कम नहीं हो रही है। दरअसल, पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड का संकट यहीं खत्म नहीं हो जाता। पीएसपीसीएल कुप्रबंधन व व्यवस्थागत संकटों से भी गंभीर रूप से जूझ रहा है। पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड कर्मचारियों की भारी कमी की चुनौतियों से जूझ रहा है। बिजली विभाग में 4900 से अधिक लाइनमैनों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन फिलहाल केवल 1313 लाइनमैन काम कर रहे हैं। अकेले लुधियाना में ही जूनियर इंजीनियर के आधे पद खाली हैं। बिजली चोरी रोकने तथा बेहतर व्यवस्था के लिये कर्मचारी भर्ती अभियान को गति दी जानी चाहिए। दरअसल, पीएसपीसीएल में पर्याप्त कर्मचारी न होने के कारण विभागीय कार्यक्षमता बुरी तरह से प्रभावित है। जब भी किसी इलाके में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान उत्पन्न होता है तो तत्काल कार्रवाई बिजली बहाल करने के लिये नहीं हो पाती। फलतः लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों की नाराजगी लगातार बढ़ती है। विभाग में पक्के मुलाजिमों की नियुक्ति न होने पर कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मचारियों के जरिये व्यवस्था बनाने की कोशिश होती है। जिसके चलते संविदा कर्मचारियों द्वारा अकसर आंदोलन किया जाता है। वे खुद को पक्का करने की मांग करते रहते हैं। उनका आरोप होता है कि कम वेतन देकर उनसे ज्यादा काम कराया जाता है। जानकार मानते हैं कि सिर्फ संविदा कर्मचारियों पर अत्याधिक निर्भरता केवल तदर्थवाद को ही बढ़ाएगी। हालांकि, नियामक आयोग ने इस गड़बड़ी को भी चिन्हित किया है। लेकिन इससे ही समस्या का समाधान संभव नहीं है ।

# तमिलनाडु में भाजपा परचम फहराने को तत्पर



» ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

> यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है।

आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में परंपरागत रूप से भारतीय जनता पार्टी कमजोर रही है, लेकिन अब भाजपा दक्षिण में अपनी जड़ों को न केवल मजबूत करना चाहती है बल्कि दक्षिण के राज्यों में सत्ता पर काबिज भी होना चाहती है। तमिलनाडु में अगले वर्ष अप्रैल-2026 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। भाजपा और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) ने 2026 के विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को अपनी महत्वपूर्ण चैन्नई यात्रा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस अहम राजनीतिक गठबंधन का ऐलान करते हुए स्पष्ट किया कि राज्य में एनडीए एडप्पादी के. पलानीस्वामी के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही गठबंधन का चेहरा होंगे। तमिलनाडु की भाजपा में भी एक बड़ा बदलाव सामने आया है और भाजपा की तमिलनाडु इकाई की कमान नैनार नागेंद्रन को मिल गई है। भाजपा की राजनीतिक यात्रा में 2026 का तमिलनाडु चुनाव मील का पत्थर साबित होगा, वर्षों की प्यास को बुझायेगा, कमल खिलायेगा।



यह बात तो जगजाहिर है कि दक्षिण में हिन्दू मन्दिरों एवं संस्कृति का वर्चस्व होते हुए भी भाजपा अब तक अपनी जमीन मजबूत नहीं कर पाई है, जबकि केरल हो, कर्नाटक हो, आंध्र प्रदेश या तमिलनाडु हो, भाजपा अपनी जड़ों को सुदृढ़ करने की जद्दोजहद करती रही है। भाजपा के प्रयास दक्षिण में बेअसर ही रहे हो, ऐसी बात भी नहीं है, समय-समय पर उसके प्रयास रंग लाते रहे हैं। दक्षिण के चार में से तीन राज्यों में भाजपा अपना प्रभाव और प्रभुत्व दिखा चुकी है। कर्नाटक में कई बार भाजपा सत्ता आसीन हो चुकी है, आंध्र प्रदेश में इस समय सत्ता की भागीदार है, तेलंगाना में भी भाजपा मजबूत पकड़ बना चुकी है, केवल तमिलनाडु ही है जहां भाजपा कई दशकों से उपस्थिति दर्ज कराने के बावजूद सत्ता तक नहीं पहुंच पायी है। मोदी के प्रभाव और भाजपा के विशाल संसाधनों के बावजूद तमिलनाडू जीतना उसके लिए मुश्किल रहा है। पिछले 78 सालों में यहां कभी भी भाजपा-संघ की राष्ट्रवादी विचारधारा या हिंदुत्व के उनके संस्करण को स्वीकार नहीं किया है। यह सिर्फ भाजपा के लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक बड़ी वैचारिक लड़ाई है। लेकिन इस बार भाजपा की रणनीति एवं तैयारियों एवं मोदी-शाह के संकल्पों एवं इरादों में दम है, तमिलनाडु में आमूल-चूल परिवर्तन होता हुआ दिख रहा है। तमिलनाडु में भाजपा की राजनीतिक रणनीति में किये गये बदलाव एवं रणनीतियां एक बड़ा मोड़ है, एक नया उजाला है। राजनीति के चाणक्य अमित शाह का यह भरोसा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगा और राज्य में सरकार बनाएगा, कोरी हवा में उछाली गयी बात नहीं है।

एआईडीएमके और भाजपा के बीच गठबंधन 1998 से बनते-बिगड़ते रहे हैं। 1998 की अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनाने और फिर 13 महीने बाद उसे गिराने का श्रेय भी एआईडीएमके को जाता है। जे. जयललिता का जब तक जीवनकाल रहा तब तक भाजपा नेतृत्व के साथ एआईडीएमके की नजदीकियां बनी रही। जब 1999 में जयललिता ने कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया तो करुणानिधि ने डीएमके को भाजपा के साथ जोड़ लिया और 2004 तक सत्ता का सुख लेते रहे। 2004 के आम चुनाव में फिर से एआईडीएमके भाजपा के साथ आई लेकिन तमिलनाडु में लोकसभा की सीटें नहीं जीत सकी। लेकिन मोदी-शाह की नजरें हमेशा इस राज्य पर लगी रही। क्योंकि सामरिक रूप से तमिलनाडु एक संवेदनशील राज्य है, श्रीलंका के साथ उसका सीधा जुड़ाव है। चीन श्रीलंका के माध्यम से भारत में पैठ बनाना चाहता है, ऐसे में तमिलनाडु में केंद्र की आंख बंद कर विरोध करने वाली पार्टी का सत्तासीन रहना देश हित के लिए गंभीर सवाल पैदा करता है, अनेक संकटों का कारण बन सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष अपने तीसरे कार्यकाल की बड़ी चुनौतियों में बंगाल, तमिलनाडु, केरल को जीतना है। वैसे इन राज्यों में भाजपा की जीत एक करिश्मा ही होगा, लेकिन मोदी-शाह ऐसे आश्चर्यकारी करिश्में घटित करते रहे हैं। सर्वविदित है कि भाजपा के लिए तमिलनाडु केवल राजनीतिक संघर्ष का मैदान नहीं है, वैचारिक लड़ाई भी लड़ी जानी है।

स्टालिन सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विवादित करने और त्रिभाषा सिद्धांत को हिंदी थोपने की कोशिश के रूप में प्रचारित करने से केंद्र आहत है, इसीलिये भाजपा अपने राजनीतिक सिद्धांतों, योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नीतियों को गंभीर चुनौती दे रहे इन नेताओं और दलों को वैचारिक धरातल पर परास्त करने का रास्ता भी खोज रही है। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्राओं एवं अन्य चचाओं में यह बताते रहे हैं कि पूरे तमिलनाडु की जनता एवं राज्य उनके दिल में हैं, वे उसके कल्याण एवं विकास के लिये तत्पर है।

## मुद्दा

### रामजी लाल सुमन के बिगड़ैल बयानों से योगी और अखिलेश दोनों की सियासी मुश्किलें बढ़ेंगी!

» ललित गर्ग

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद और दलित नेता रामजी लाल सुमन ने मेवाड़ के प्रतापी राजपूत शासक राणा सांगा को गद्दार बताते हुए जो विवादस्पद बयान दिया है, और क्षत्रियों की अखिल भारतीय ह्यकरणी सेनाह्न ने जिस तरह से उसे जातीय नायकों के अपमान का विषय ठहराते हुए सुमन के घर पर धावा बोल दिया था, उस पर जारी प्रशासनिक और सियासी खानापूर्ति से यदि भारत गृहयुद्ध की आग में झुलस जाए तो किसी को हैरत नहीं होना चाहिए। क्योंकि यह सबकुछ पहले अमेरिकी-पाकिस्तानी एजेंडे और अब चीनी-बंगलादेशी एजेंडे के अनुरूप हो रहा है, जिसे भारत के कथित सेक्यूलर दलों के पृष्ठपोषक अरब देशों का समर्थन प्राप्त है।

समझा जाता है कि जब-जब भारत अपनी सही रणनीति के बल पर विकास की गति को प्राप्त करता है, तब-तब हमारे विघ्न संतोषी कुछ राजनेता विदेशी ताकतों की शह पर यहाँ जातीय और सांप्रदायिक उन्माद पैदा करने की कोशिश करते रहे हैं। यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि यहाँ की सियासी बयानबाजियां और उससे जुड़े साक्ष्य इस बात की चुगली करते हैं। ऐसे में सुलगता हुआ सवाल है कि आखिर वोट बैंक की कुत्सित राजनीति में निर्लज्ज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरूपयोग करके कबतक शांतिप्रिय भारतीय समाज को झुलसाया जाता रहेगा क्योंकि कभी बादशाहों के इशारे पर, कभी ब्रिटिश नौकरशाहों के तिकड़म



पर और आज भारत के अपने ही राजनेताओं की शर्मनाक शतरंजी चालों पर एक समाज को दूसरे समाज से भिड़ाया जाता है और अपना-अपना राजनीतिक उल्लू सीधा किया जाता है।

बता दें कि भारत में वामपंथियों की राजनीति वर्गवादी झड़प के हालात पैदा करके, समाजवादियों की राजनीति जातिवादी संघर्ष के हालात पैदा करके और कांग्रेसियों-राष्ट्रवादियों की राजनीति सांप्रदायिक दंगे के हालत पैदा करके खूब फली-फूली! लेकिन विकास के पैमाने पर भारत अपने पड़ोसी देश चीन से 1987 में आगे बढ़कर भी बाद के वर्षों में निरंतर पिछड़ता चला गया। यही वजह है कि समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन जैसे राजनेता एक बार फिर से विवादित बयान देकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। आप मानें या न मानें, लेकिन मौजूदा विवाद की राजनीतिक कीमत सपा नेता अखिलेश यादव के मुकाबले भाजपा नेता और उत्तरप्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को कुछ अधिक अदा करनी पड़ेगी, क्योंकि वह अभी सत्ता में हैं। जिस तरह से आगरा में उनकी मौजूदगी को लेकर अखिलेश यादव ने निशाना साधा है, वह राजपूतों के खिलाफ अन्य समाज को भड़काने की गहरी साजिश है, जिसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सतर्क हो जाना चाहिए और करनी सेना की गैरकानूनी हरकतों पर यूपी में अविलंब रोक लगानी चाहिए। वहीं भाजपा को भी इस मसले को जरूरत से ज्यादा तूल देने से बचना चाहिए। क्योंकि यह सारी सुनियोजित बयानबाजी मुस्लिम शासकों के कुकृत्यों से दलित और ओबीसी हिन्दुओं का ध्यान भटकाने के लिए की जा रही है, जिसे उसे समझना होगा और इसकी मजबूत रणनीतिक काट निकालनी होगी। यदि भाजपा और योगी इस मामले को ज्यादा तूल देते हैं तो लोकसभा चुनाव 2024 की तरह अखिलेश के पीडीए यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक गठजोड़ को मजबूती मिलेगी, वहीं भाजपा के डीपीए यानी दलित, पिछड़ा, अगड़ा गठजोड़ को भी सियासी धक्का लगेगा।

## पर्सनालिटी

# देश के दूसरे राष्ट्रपति और महान दार्शनिक थे डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन

» अनन्या मिश्रा

आज ही के दिन यानी की 17 अप्रैल को देश के पहले उपराष्ट्रपति और दार्शनिक डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का निधन हो गया था। उन्होंने पूरी दुनिया को भारत के दर्शन शास्त्र से परिचय कराया था। वह देश के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। बता दें कि 10 सालों तक बतौर उपराष्ट्रपति जिम्मेदारी संभालने के बाद 13 मई 1962 को राधाकृष्णन को देश का दूसरा राष्ट्रपति बनाया गया था। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...



### जन्म और परिवार

तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी के चित्तूर जिले के तिरुत्तनी गांव में 05 सितंबर 1888 को सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। वह एक तेलुगु ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता का नाम सर्वपल्ली वीरास्वामी और माता का नाम सीताम्मा था। उन्होंने अपनी शुरूआती शिक्षा लुथर्न मिशन स्कूल, तिरुपति से पूरी की और फिर साल 1902 में उन्होंने मैट्रिक स्तर की परीक्षा पास की। फिर साल 1905 में उन्होंने कला संकाय की परीक्षा प्रथम श्रेणी में पास की। इसके बाद साल 1918 में राधाकृष्णन ने मैसूर महाविद्यालय में दर्शन शास्त्र का सहायक प्रध्यापक नियुक्त किया गया।

### बचपन में देखा था संघर्ष

सर्वपल्ली राधाकृष्णन बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखते थे। वह इतने गरीब थे कि उनको केले के पत्तों पर भोजन करना पड़ा था। एक बार उनके पास केले के पत्तों को खरीदने के पैसे नहीं थे। तब उन्होंने जमीन को साफ करने के बाद उस पर ही भोजन कर लिया था।

### राजनीति

बता दें कि साल 1947 में देश को आजादी मिलने के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरू भारत के पहले पीएम बनें।

इस दौरान नेहरू ने डॉ. राधाकृष्णन से सोवियत संघ में राजदूत के तौर पर काम करने का अनुरोध किया। इस बात को मानते हुए सर्वपल्ली साल 1947 से 1949 तक संविधान संभा के सदस्य के रूप में काम किया। फिर साल 1952 तक वह रूस में भारत के राजदूत बनकर रहे। इसके बाद वह 13 मई 1952 को देश के पहले उपराष्ट्रपति बने। वहीं साल 1953 से लेकर 1962 तक वह दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुलपति भी रहे।

### मृत्यु

डॉ. राधाकृष्णन का 17 अप्रैल 1975 को निधन हो गया था।

उनको एक आदर्श शिक्षक और दार्शनिक के रूप में जाना जाता है। वहीं साल 1975 में मरणोपरांत अमेरिका सरकार ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन को टेम्पल्टन पुरस्कार से सम्मानित किया था।

## आज का इतिहास

### महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1955 - बांडुंग में अफ़्रीकी-एशियाई सम्मेलन; प्रसिद्ध वैज्ञानिक अलबर्ट आइंस्टाइन का देहावसान।
1994 - वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ब्रायन लारा ने 375 रन बनाकर टेस्ट मैच की एक पारी में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकार्ड बनाया।
1999 - ब्रिटेन की प्रमुख उपन्यासकार, जीवनीकार और सम्पादक मैरी बुलिंस का 90 वर्ष की आयु में निधन।
2001 - भारतीय सीमा में घुस आई बांग्लादेश की सेना की गोलीबारी से भारत के 16 जवान शहीद।
2002 - 1973 से इटली में निवास कर रहे अफगानिस्तान के पूर्व शासक मोहम्मद जहीर शाह काबुल लौटे।
2005 - भारत मुम्बई स्थित जिन्ना हाउस पाकिस्तान को देने पर सहमत।
2006 - राबिन हुड का शहर नाटिंघम लूटग्रस्त शहर घोषित।
2008 - इंफोसिस टैक्नोलाजी ने विकास एवं मरम्मत सेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए अमेरिका की कॉनसेको के साथ पाँच वर्ष के लिए करार किया।
अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने जानलेवा इंजेक्शन के जरिये सजा-ए-मौत को वैध ठहराया। पाकिस्तान ने भारतीय कैदी सबरजीत सिंह की फांसी की सजा को एक महीने के लिए टाला। भारत और मैक्सिको ने नागरिक उड्डयन व ऊर्जा के क्षेत्र में नये समझौते किए।

### 18 अप्रॅल को जन्मे व्यक्ति

1621 - गुरु तेग बहादुर - सिक्खों के नौवें गुरु।



1858 - धोंडो केशव कर्वे - आधुनिक भारत का सबसे बड़ा समाज सुधारक और उद्धारक माना जाता है।
1928 - दुलारी - भारतीय सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री थीं।
1901 - चन्देश्वर प्रसाद नारायण सिंह, भारत के राजनीतिज्ञ थे।
1916 -ललिता पवार, हिन्दी फि ल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री
1961 - पूनम ढिल्लों - बालीवुड अभिनेत्री

### 18 अप्रॅल को हुए निधन

2021 - अनुपमा पंचीमांडा - भारत की पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी अंपायर थीं।
2021 - बची सिंह रावत - उत्तराखंड से भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज राजनीतिज्ञ थे।
1859 - तात्या टोपे - वीर पुरुष और प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में भाग लेने वाले प्रमुख व्यक्ति।




1955 - अलबर्ट आइंस्टाइन प्रसिद्ध वैज्ञानिक
1959 - बारीन्द्र कुमार घोष - भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा पत्रकार थे।
1972 - पांडुरंग वामन काणे - महान भारतीय संस्कृतज्ञ और विद्वान पंडित।
2003 - सुधाकर पाण्डेय - हिन्दी साहित्य की प्रमुख विधाओं के उत्कृष्ठ लेखक और सुधारक।
1916 - जी. सुब्रह्मण्यम अय्यर - भारत के जानेमाने पत्रकार तथा प्रमुख बुद्धिजीवी थे।
1898 - दामोदर हरी चापेकर - भारत के क्रांतिकारी अमर शहीदों में से एक थे।

### 18 अप्रॅल के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

फायर सर्विस सप्ताह
विश्व विरासत दिवस

## संक्षिप्त खबरें

### फोटोग्राफर के साथ लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा बाल अपचारी सहित चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा :** जनपद के थाना सैद नंगली पुलिस व एसओजी सर्विलांस टीम द्वारा लूट की घटना का खुलासा करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से घटना में लूटे गए करीब 3,50,000 रु के एक ड्रोन कैमरा ,एक वीडियो कैमरा ,एक फोटो कैमरा व अन्य उपकरण एवं दो अवैध तमंचों के साथ 5 जिन्दा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त 2 मोटरसाइकिल बरामद की गई।

पुलिस के मुताबिक थाना सैदनगली पुलिस व रडऋ सर्विलांस टीम द्वारा अपना धन्धा ना चल पाने पर फोटोग्राफर सचिन द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर की गयी लूट की घटना का खुलासा करते हुए एक बाल अपचारी सहित कुल चार अभियुक्त 1.मंजीत पुत्र अजयपाल नि0 ग्राम भीमा सुल्तानपुर थाना आदमपुर जनपद अमरोहा उम्र करीब 20 वर्ष,2. अभिषेक पुत्र सुरेन्द्र सिंह नि0 ग्राम सोहत गढी थाना सैदनंगली जनपद अमरोहा उम्र करीब 21 वर्ष,3. सचिन पुत्र बाबूराम नि0 ग्राम कासमपुर थाना आदमपुर जनपद अमरोहा उम्र करीब 22 वर्ष व एक बाल अपचारीको गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद गिरफ्तार अभियुक्तों को अपराध की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जनपद न्यायालय भेजा गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में लूटे गये एक ड्रोन कैमरा ,एक वीडियों कैमरा,एक फोटो कैमरा अन्य उपकरण जिनकी कुल कीमत करीब 3,50,000/-रुपये व दो अवैध तमन्चे व पांच अदद जिन्दा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल बरामद किया गया। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा 25000/- नकद पुरस्कार दिया गया।

### ग्राम अकरोली में धूमधाम से डॉक्टर बी आर अंबेडकर की मनायी जयंती



**चंदौसी।** थाना बनिया ठेर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अकरोली में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहुत ही धूमधाम से डॉक्टर बी आर अंबेडकर की जयंती मनाई गई ग्राम प्रधान सलीम खान उर्फ भूरा अली ब चंदौसी से चलकर आये सतीश प्रेमी दोनों ने मिलकर फीता काटा और झांकियां को प्रारंभ किया ग्राम प्रधान ने समस्त ग्राम वासियों के ऊपर पुष्प बरसात की इस मौके पर समस्त ग्रामवासी ब थाना बनिया ठेर पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा ररकअजीत कुमार चौकी इंचार्ज आदिल अहमद रक्देवेंद्र सिंह रकरामसेवक यादव हिमांशु गौतम कांस्टेबल उत्तम कुमार कांस्टेबल योगराज सिंह कांस्टेबल शमसुद्दीन आकाश कुमार व अन्य स्टाप मौजूद रहा।

### ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक

» सब का सपना संवाददाता

संभल पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के क्रम में टी एस आई दुष्यंत बालियान व मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत के द्वारा ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया। व बिना रजिस्ट्रेशन की रिक्शा ना चलाने की हिदायत दी और ई रिक्शा सवारी वाहन है इसलिए माल इत्यादि ढोने के लिए ई रिक्शा का प्रयोग ना करें। अनावश्यक ई रिक्शा से माल ढोने में दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। पैदल यात्रियों एवं वाहन चालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें दो पहिया वाहन पर दोनों सवारी हेलमेट पहने। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। सुरक्षित यात्रा करें। दुर्घटनाओं से बचें। आपका जीवन अनमोल है।

**आवश्यकता है**

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

9456884327/8218179552

## बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ व बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में किया गया जागरूकता कार्यक्रम



» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा :** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के आदेशों के अनुपालन में तथा मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, राकेश सिंह के दिशा निदेर्शानुसार आज दिनांक 17.04.2025 को ब्लॉक-गजरौला के ग्राम- वारसाबाद, ग्राम पंचायत में बाल विवाह की रोकथाम एवं बाल विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना एवं वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक व बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई और उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1076 की जानकारी भी प्रदान की गई।

## पुस्तक-बढ़ो गगन की ओर (सफल महिलाओं के साक्षात्कार) का विमोचन

» रोहित कुमार/ सब का सपना





**अमरोहा:** जनपद के कलेक्ट्रेट में स्थित गांधी सभागार में बेटी बढ़ो बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नारी सशक्तीकरण को समर्पित लेखक डॉ. दीपक अग्रवाल की पुस्तक बढ़ो गगन की ओर (सफल महिलाओं के साक्षात्कार) का विमोचन जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, नगर पालिका परिषद अमरोहा की अध्यक्ष शशि जैन, श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा की संस्थापिका/प्राचार्या डॉ. सुमेधा, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र और अन्य अतिथियों ने किया।

17 अप्रैल को पुस्तक बढ़ो गगन की ओर (सफल महिलाओं के साक्षात्कार) का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी और अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि से किया। राज्य पुरस्कार से सम्मातिन शिक्षिका प्रीति चौधरी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

इसके बाद लेखक डॉ. दीपक अग्रवाल ने पुस्तक के बारे में बताया कि इस पुस्तक में शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स, उत्तर प्रदेश महिला आयोग की निवर्तमान अध्यक्ष विमला बाथम, नगर पालिका परिषद अमरोहा की अध्यक्ष शशि जैन, आचार्या सुमेधा समेत काशीपुर, मेरठ, मुंबई, बिजनौर, नोएडा आदि की 76 महिलाओं के संघर्ष की कहानी को प्रस्तुत किया गया। फिर अतिथियों ने पुस्तक का विमोचन किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं अब इस स्थिति में है कि उन्हें दूसरों का सहयोग करना चाहिए। इस पुस्तक में शामिल कहानियों को छात्र-छात्राओं और अपने परिजनों को पढ़ाना चाहिए। जिससे उन्हें भी कुछ करने की प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि जो आत्मीय संबंध समूह में बैठकर चर्चा करने से बनते है वो वीडियो काल के माध्यम से संभव नहीं है।

विशिष्ट अतिथि श्रीमद् दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा की संस्थापिका/प्राचार्या डॉ. सुमेधा ने अपने कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की स्थापना की कहानी सुनाते हुए समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से बढ़ो गगन की ओर पुस्तक का लेखन करके डॉ. दीपक अग्रवाल ने प्रशंसनीय कार्य किया है। इसे पढ़कर छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। नगर पालिका परिषद अमरोहा की अध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि इस पुस्तक महिलाओं के संघर्ष की कहानियों को शामिल करने से महिला सशक्तीकरण को बल मिला है। उन्होंने शहर के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी रोशनी डाली।

मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने सभी का आभार व्यक्त किया। संचालन डॉ.वीके शुक्ल और प्रीति चौधरी ने किया।

पांच घंटे तक चले इस समारोह में पुस्तक में शामिल महिलाओं में से कार्यक्रम में मौजूद 60 महिलाओं ने अपने संघर्ष और उपलब्धियों के बारे में एक-एक करके बताया। जिन्हें जिलाधिकारी और अन्य अतिथियों ने ध्यानपूर्वक सुना।

इस मौके पर टीएमयू मुरादाबाद की संयुक्त कुलसचिव डॉ. अलका अग्रवाल, बीसीए विभाग की अध्यक्ष डॉ. रंचना शर्मा, बिजनौर की समाजसेवी सविता अग्रवाल, रजत सिंह खालसा वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष नीरज कौर, डॉ. कमलेश सिंह अंजू रानी दीक्षित, दीपा अग्रवाल, हितेश चौधरी, चारू शर्मा, नीतू सिंह, ज्योति, संजय कुमारी, बबिता शर्मा, रजनी आदि ने विचार व्यक्त किए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक का आयोजन





» सब का सपना संवाददाता


**बहजोई/संभल:** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद सम्भल में संचालित समस्त सी.बी.एस.ई तथा आई.सी.एस.ई सेकेंडरी/ सीनियर सेकेंडरी 34 स्कूलों में निर्धारित एनसीईआरटी/ एससीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों का प्रयोग, संस्थाओं द्वारा छात्र एवं छात्राओं से लिए जाने वाले शुल्क , यूनिफॉर्म, अन्य बिन्दुओं पर जनपद के 34 अधिकारियों को लगाया गया था। 22 विद्यालयों की आख्या रिपोर्ट प्राप्त हो गयी है तथा अन्य की भी शीघ्र प्राप्त हो जाएगी। बैठक के अन्तर्गत विद्यालय वार गहन समीक्षा की गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अधिकांश विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें संचालित होना संज्ञान में आया तथा विद्यालयों में बिना जिला शुल्क नियामक समिति के अनुमोदन के शुल्क बढोत्तरी का मामला भी संज्ञान में आया है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से वार्ता करें एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों को लेकर तथा उन्होंने कहा कि आज ही जिन विद्यालयों की रिपोर्ट अभी तक नहीं आ पायी है वह आ जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए।

बैठक में सभी विद्यालयों की रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम निर्णय लेने को लेकर सहमति बनी।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा,जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार , वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार, हिन्द इंटर कॉलेज सम्भल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खन्ना, एवं अभिभावक बबीता पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के बारे में किया जागरूक



» सब का सपना संवाददाता

**संभल** पुलिस अधीक्षक जनपद संभल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान के क्रम में टी एस आई दुष्यंत बालियान व मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत के द्वारा ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया गया। व बिना रजिस्ट्रेशन की रिक्शा ना चलाने की हिदायत दी और ई रिक्शा सवारी वाहन है इसलिए माल इत्यादि ढोने के लिए ई रिक्शा का प्रयोग ना करें। अनावश्यक ई रिक्शा से माल ढोने में दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। पैदल यात्रियों एवं वाहन चालकों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिसमें दो पहिया वाहन पर दोनों सवारी हेलमेट पहने। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। सुरक्षित यात्रा करें। दुर्घटनाओं से बचें। आपका जीवन अनमोल है।

## सभी विद्यालयों की रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम निर्णय लेने की बनी सहमति

### इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से वार्ता करें : जिलाधिकारी

» सब का सपना संवाददाता



**सम्भल बहजोई।** गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद सम्भल में संचालित समस्त सी.बी.एस.ई तथा आई.सी.एस.ई सेकेंडरी/ सीनियर सेकेंडरी 34 स्कूलों में निर्धारित एनसीईआरटी/ एससीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों का प्रयोग, संस्थाओं द्वारा छात्र एवं छात्राओं से लिए जाने वाले शुल्क , यूनिफॉर्म, अन्य बिन्दुओं पर जनपद के 34 अधिकारियों को लगाया गया था। 22 विद्यालयों की आख्या रिपोर्ट प्राप्त हो गयी है तथा अन्य की भी शीघ्र प्राप्त हो जाएगी। बैठक के अन्तर्गत विद्यालय वार गहन समीक्षा की गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अधिकांश विद्यालयों में निजी प्रकाशकों की पुस्तकें संचालित होना संज्ञान में आया तथा विद्यालयों में बिना जिला शुल्क नियामक समिति के अनुमोदन के शुल्क बढोत्तरी का मामला भी संज्ञान में आया है। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इन विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों से वार्ता करें एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तकों को लेकर तथा उन्होंने कहा कि आज ही जिन विद्यालयों की रिपोर्ट अभी तक नहीं आ पायी है वह आ जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्य विकास अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए। बैठक में सभी विद्यालयों की रिपोर्ट आने के बाद ही अंतिम निर्णय लेने को लेकर सहमति बनी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा,जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार , वरिष्ठ कोषाधिकारी प्रवीण कुमार, हिन्द इंटर कॉलेज सम्भल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार खन्ना, एवं अभिभावक बबीता पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत में सेल्फी प्वाइंट बनाकर

# यातायात जागरूकता फ्लैक्सी लगाई गई




सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना डिलारी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में सेल्फी प्वाइंट बनाकर तथा दुर्घटना संभावित स्थानों पर यातायात जागरूकता फ्लैक्सी लगाकर लोगों को जागरूक किया व सभी को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई साथ ही, सुरक्षा के संबंध में थाना कांठ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में दुर्घटना संभावित स्थानों पर यातायात जागरूकता फ्लैक्सी लगाकर लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया तथा सड़क किनारे पड़ी बजरी हटवायी व यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले पेड़ की टहनियों की छटनी करायी गई व लोगों को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक किया। थाना छजलैट ओर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में चिह्नित दुर्घटना संभावित स्थानों पर यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले पेड़ की टहनियों की छटनी कराई।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित



सब का सपना संवाददाता

भोजपुर। नगर पंचायत भोजपुर के अशफाक हुसैन इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव पर सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य अखलाक हुसैन ने विद्यार्थियों से मेहनत के साथ पढ़कर देश की सेवा करने की बात की। इस मौके पर सतप्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले तथा अच्छा कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को

कक्षा छह में तंजीन, नियाज मुहम्मद, अदीबा एवं अरिबा, कक्षा सात में नितिन,नावेद , इल्मा, एवं इकरा कक्षा आठ के सोहेल, विशाल , अरसुनिशा कक्षा नौ के अर्पित कुमार, आदर्श कुमार, आरिफ, अलशिफा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर मुहम्मद शबाब ,मुहम्मद उवैस, मास्टर ऋषिपाल, मास्टर रहमत अली, जयपाल सिंह, मास्टर मुहम्मद यूसुफ, विजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक पीछे से घुसा, ट्रेफिक हुआ जाम



सब का सपना संवाददाता

मूंढापांडे। देर रात के समय रामपुर मुरादाबाद नेशनल हाईवे लक्ष्मीपुर कट्टई महिंद्रा एजेंसी के सामने आगे चल रहे डंपर में कंटेनर घुसा गया। जिससे हाइवे पर जाम लग गया। कंटेनर चालक राकेश ने बताया कि वह मुंबई से रुद्रपुर जा रहा था। जीरो प्वाइंट पर पहुंचा ही था। कि आगे चल रहे डंपर चालक ने तुरंत ब्रेक लगा दिए जिसकी वजह कंटेनर उसमें घुस गया जाम की स्थिति देख कर जीरो प्वाइंट चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और वाहनों को सर्विस रोड से निकालना शुरू किया क्षतिग्रस्त कंटेनर को हाइवे कर्मचारियों की मदद से साइड में कराकर हाइवे सूचारु कराया हालांकि सड़क हादसे में कोई घायल नहीं हुआ।

### नगदी और जेवर के साथ नाबालिक प्रेमी के संग फरार, दो पर मुकदमा दर्ज

सब का सपना संवाददाता

भोजपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी पंद्रह वर्षीय किशोरी घर से दो लाख 25 हजार की नकदी और सोने चांदी के जेवर लेकर पड़ोसी प्रेमी के साथ फरार हो गई। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर प्रेमी और उसके अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है। कि बुधवार को परिजनों के साथ खेत पर गया था। दोपहर को बारह बजे पंद्रह वर्षीय नाबालिग बेटी घर में रखे दो लाख 25 हजार रुपए की नकदी, 90 ग्राम सोने के जेवर और चांदी के आभूषण लेकर चली गई। बेटी ने गायब होने से पहले पड़ोसी मोसिम पुत्र इस्लाम और उसके दोस्त के फोन पर बात की थी। युवकों से बेटी की जानकारी की तो मारपीट करने पर उतारू हो गए। आरोपियों ने दोबारा बेटी के बारे में पूछताछ करने या पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित ग्रामीण की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवक और उसका दोस्त पुलिस कार्रवाई के डर से फरार हो गए।

### हज यात्रियों का टीकाकरण उन्नीस अप्रैल को, अलग-अलग केंद्रों पर होगा टीकाकरण

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। हज पर जाने वाले जायरीनों का निःशुल्क टीकाकरण 19 अप्रैल को होगा। देश से हज यात्रियों की पहली उड़ान 30 अप्रैल को रवाना होगी उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के सर्कुलर के अनुसार हज पर जा रहे। सभी यात्रियों के लिए टीकाकरण अनिवार्य होगा। जनपद मुरादाबाद के विभिन्न क्षेत्रों से हज पर जाने वाले यात्रियों कुल 1577 हज यात्रा पर जा रहे हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मुरादाबाद द्वारा बताया गया कि सभी यात्रियों का प्रशिक्षण कराया जा चुका है। अब इन यात्रियों का निःशुल्क टीकाकरण होगा। जनपद मुरादाबाद में मदरसा अरविया इमदादिया एकता विहार, मदरसा इस्लामिया अरबिया जामे उल हुदा गलशहीद, मदरसा जामिया फारुकिया अजीजुल उलूम भोजपुर-पीपलसाना और मदरसा दर्सगाहे आलिया इस्लामिया शरीफनगर ठाकुरद्वारा को टीकाकरण केंद्र बनाया गया है।

# टोल की कार में ट्रक ने टक्कर मारकर किया क्षतिग्रस्त



सब का सपना संवाददाता

मूंढापांडे। थाने क्षेत्र हाईवे पर पेट्रोलियम कर रही कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे से दो कर्मी घायल हो गए। टोल की कार कल रात सिहोरा बाजे के पास लगभग बारह बजे पेट्रोलियम कर रही थी। इस दौरान पीछे आ रहा ट्रक ने टक्कर मार दी हादसे में टोल कर्मी वीरेंद्र , रवि कुमार घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे टोल अधिकारी पुलिस ने घायलों को रामपुर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि चालक के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# मिशन शक्ति 05 वें चरण में महिलाओं व युवतियों को अधिकारों और सुरक्षा के लिए किया जागरूक



सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के दृष्टिगत बृहस्पतिवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076,चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय, राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया।

# शहर विधायक रितेश गुप्ता ने किया तीन दिवसीय कैम्प का शुभारंभ



सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी मुरादाबाद द्वारा लाइनपार मण्डल के वार्ड नं 22 सूर्य नगर लाइनपार में शहर विधायक रितेश गुप्ता द्वारा प्रारम्भ किये गए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तीन दिवसीय निःशुल्क आवेदन कैम्प का शुभारम्भ किया गया।

वार्ड के सभी सम्मानित क्षेत्रवासियों ने इस कैम्प में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।

मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत

# दुर्घटना संभावित रास्तों पर सड़क निर्माण कराया गया

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में क्षेत्राधिकारी बिलारी द्वारा थाना बिलारी पुलिस के साथ थाना क्षेत्र में चिह्नित दुर्घटना संभावित रास्तों पर सड़क निर्माण कराया गया तथा अवैध निर्माण, अतिक्रमणों को हटवाया गया एवं लोगों को सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार व यातायात नियमों का पालन करते हुये वाहन चलाने की अपील की गई।



# जनसमस्याओं को सुनकर दिए आवश्यक निर्देश, लापरवाही करने वालो पर होगी कार्रवाई

सब का सपना संवाददाता

मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आए फरियादियों की सुनी गई समस्याएं, प्राप्त जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश। बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मुरादाबाद द्वारा जनसुनवाई में आये फरियादियों की समस्याएं, शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित किया गया। कुंवर आकाश सिंह द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया



■ शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आदेशित किया गया

गया कि जनसुनवाई, महिला हेल्पडेस्क को और अधिक प्रभावशाली बनाये ताकि पीड़ित , शिकायतकर्ता को अनावश्यक रुप से अपने थाने से पुलिस कार्यालय आने की आवश्यकता न हो साथ ही सभी थाना प्रभारियों को यह भी निर्देश दिये गये कि जिस समस्या का समाधान थाना स्तर से हो सकता है, उनका समाधान थाना स्तर पर ही समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें।

# गैंगस्टर एक्ट का एक और आरोपी गिरफ्तार

सब का सपना संवाददाता

सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये थाना प्रभारी ठाकुरद्वारा ने अभियुक्तगण द्वारा आर्थिक व भौतिक लाभ के लिये गौवंशीय पशुओ की हत्या करने आदि के संबंध में थाना ठाकुरद्वारा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में पूर्व में एक आरोपी तस्लीम को गिरफ्तार किया जा चुका है। बृहस्पतिवार को उपनिरीक्षक जितेन्द्र मीणा थाना ठाकुरद्वारा ने पुलिस बल के साथ आरोपी योगेन्द्र उर्फ बब्बू पुत्र झबरा निवासी ग्राम भायपुर थाना ठाकुरद्वारा,मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराकर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष पद बना शीर्ष नेतृत्व का सिरदर्द!

## 57 दावेदार, 1 कुर्सी और बढ़ती गुटबाजी

» सब का सपना संवाददाता

**हापुड़:** जिले में पिछले करीब एक माह से जिलाध्यक्ष घोषणा को लेकर तरह-तरह की चुनौतियों से जुझ रहा प्रदेश का शीर्ष नेतृत्व स्थानीय नेता लगा रहे तरह–तरह के प्रयास लगा रहे हैं। कभी पार्टी दलित पर दावा खेलने की बात सामने आ रही है, तो कहीं ब्राह्मण चेहरों पर भी चचाओं का बाजार गर्म है। वही जिले में पार्टी में अपने आपको राजनीति का चाण्क्य मानने वाले नेता अपना–अपना समीकरण नेताओं एवं कार्यकताओं को समझ रहा है।

आपको बता दे कि गाजियाबाद से 28 सितम्बर 2011 को विभाजन होने के बाद तहसील से जिला बने के बाद पार्टी ने जिला संयोजक के पद की जिम्मेदारी मुनेश त्यागी को दी गई। जिसके वैश्य समाज से आने वाले महेश अग्रवाल उनके बाद संजय त्यागी को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। उसके बाद उक्त पद पर ओबीसी समाज गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा क्षेत्र से आने वाले अशोक पाल को पार्टी ने जिलाध्यक्ष बनाकर ओबीसी वर्ग को साधने का प्रयास किया। वही चौथी कार्यकाल में विकास अग्रवाल को जिलाध्यक्ष बनाकर वैश्य समाज को प्रतिनिधित्व दे दिया। पंचवी बार



क्षत्रिय समाज से आने वाले उमेश राणा को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई,और उमेश राणा जो कि विद्यार्थी परिषद से आते थे। जमकर जिले में मेहनत कर पार्टी को हर क्षेत्र हर चुनाव में विजय दिलाई कार्यकाल का समय पूरा होने के बाद कुछ दावेदारों में तेजी पकड़ी और गुरु चेले की जोड़ी ने जिलाध्यक्ष पद पर कब्जा करते हुए फिर एक बार क्षत्रिय समाज से आने वाले नरेश तोमर ने छटी बार कमान सभाली ली। नरेश तोमर का कार्यकाल अपने ही पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं के विरोध के चलते विवादों से भरा रहा, कभी लाखों रुपए देकर टिकट देने का आरोप तो कभी जमीन से जुड़े विवादों को लेकर सुर्खियों में रहा। 9 मार्च को जिलाध्यक्ष पद के आवेदन के लिए छोटे से जिले में बड़ा कमाल करते हुए 57 लोगों ने आवेदन कर जिलाध्यक्ष पद की दावेदारी ठोक डाली इसके बाद पार्टी में अपनी–अपनी मजबूत दावेदारी का दावा करते हुए दावेदारों ने श्याम धाम दंड भेद अपनाने लगे और एक दूसरे के कारनामों का चिट्ठा शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचने में कतई देर नहीं लगाई। मंडल अध्यक्ष के चुनाव में गड़बड़ी का मामला हो या फिर गुरुजी से गद्दारी कर पालिका में करोड़ों रुपए का घोटाला करने जैसे आरोप शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचने लगे। कुछ समय पूर्व से स्थानीय नेता दावा कर रहे हैं कि जिले की कमान किसी एससी महिला एवं पुरुष को दी जा सकती है। उस पर भी स्थानीय नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व को इस कदम पर सवाल खड़े कर दिए क्योंकि जिले में पहले से ही करीब पांच महत्वपूर्ण पदों पर बैठे भाजपा के एससी समाज से आने वाले नेताओं को पार्टी ने सम्मान जनक पदों से नवाज रखा है। ऐसे में जिलाध्यक्ष का पद अगर एससी समाज को दिया जाता है तो इस पार्टी को अन्य समाज के लोगों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। सूत्रों की माने तो शीर्ष नेतृत्व के सामने एक और बड़ी समस्या गुटबाजी को भी बढ़ावा देती नजर आ रही है।

पार्टी में कार्य करने वाले आम और मेहनती कार्यकताओं की नाराजगी की कहानी नगर पालिका में हुए चेयरमैन के पद पर चुनाव में नगर पालिका परिषद वाली सीट से हाथ धोना पड़ा था। वैश्य समाज से लोकसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद अरूण चन्द्रप्रकाश गोविल जो वैश्य समाज से आते है एवं उनके दोनों प्रतिनिधि भी वैश्य समाज से आते है। वही जिला पंचायत का प्रतिनिधित्व करने वाली रेखा नागर भी ओबीसी समाज से आती है। क्षत्रिय एवं जाट समाज से भी दोनों विधायक आते है। ऐसे में जिले में सैनी और ब्राह्मण समाज के लोग अपना प्रतिनिधित्व पर टक्टकी लगाए बैठे हैं, कि हमारा भी प्रतिनिधित्व करने वाला नेता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा दिया जाए। वहीं शीर्ष नेतृत्व द्वारा ब्राह्मण समाज के बेदाग चेहरे की तलाश से शीर्ष नेतृत्व भी परेशान है। किसी पर कमिश्नर द्वारा करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप एवं मंडल अध्यक्ष के चुनाव में धांधली का आरोप या पूर्व में गढ़ विधानसभा की बात करें तो पूर्व में हुए जिला पंचायत चुनाव लड़ने के नाम पर जमीन बेचकर और चुनाव में सहयोग न करने एवं चुनाव हर वाने जैसे आरोप तत्कालीन विधायक एवं जिले के वरिष्ठ ब्रहाम्ण नेता पर लगे थे। उनका भी विश्लेषण शीर्ष नेतृत्व कर रहा है। ऐसे में पार्टी के 57 दावेदारों में से उन नामों की तलाश की जा रही है, जो बेदाग,जुझारू,कर्मठ पार्टी के लिए समर्पित कार्यकर्ता है। पार्टी उन पर भरोसा कर उन्हें अहम जिम्मेदारी देने की तैयारी कर रही है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पार्टी में गुटबाजी, पार्टी को एक बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो पार्टी में ईमानदार मेहनती कार्यकताओं का मनोबल लड़खड़ा जाएगा, और पार्टी को इसका खामियाजा आने वाले चुनावों में उठाना पड़ सकता है।

## 150 वर्ग मीटर में स्थल पर किये गये अवैध निर्माण को सील किया गया



» सब का सपना संवाददाता

**बुलन्दशहर:** डा० अंकुर लाठर, उपाध्यक्ष, बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण, बुलन्दशहर के निर्देशन में खुर्जा विकास क्षेत्रान्तर्गत खुर्जा में विकास प्राधिकरण के सचल प्रवर्तन दल के द्वारा जंक्शन रोड, एच.पी. पैट्रोल पम्प के सामने, निकट श्री राम मंदिर खुर्जा पर मायादेवी पत्नी रामेश्रवर दयाल द्वारा लगभग 150 वर्गमी० में स्थल पर किये गये अवैध निर्माण को सील किया गया।

उक्त अवैध निर्माण व विकास कार्य को बुलन्दशहर-खुर्जा विकास प्राधिकरण सक्षम प्राधिकारी, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं अन्य स्टाफ द्वारा पुलिस बल की उपस्थिति में सील किया गया। ध्वस्तीकरण व सील अभियान खुर्जा विकास क्षेत्र की सक्षम प्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में निरन्तर चलाया जा रहा है। खुर्जा क्षेत्रान्तर्गत प्राधिकरण की सक्षम प्राधिकारी कर्मजीत कौर द्वारा बताया गया कि अवैध निमार्णो व विकास कार्यों के विरूद्ध कार्यवाही का अभियान अनवरत जारी रहेगा। प्राधिकरण की उपाध्यक्ष द्वारा जनता से अपील की गई है कि प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई निर्माण न करें एवं किसी अवैध कॉलोनी के अन्दर भूखण्ड क्रय-विक्रय न करें। इस सम्बन्ध में समस्त जानकारी प्राधिकरण के हेल्पलाईन नं0 8191978666 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### डम्पर व ई-रिक्शा किया बंद





**बुलंदशहर:** एआरटीओ ने ओवरलोड के अभियोग में एक डम्पर बंद किया गया। जिस पर 170320 रुपये जुमार्ना लगाया गया तथा दूसरे जनपद से लाकर ईंट बेचने वाले एक ट्रैक्टर को जक्शन रोड चौकी खुर्जा में बंद किया गया जिस पर 99300 रुपये जुमार्ना लगाया गया। साथ ही साथ 5 ई-रिक्शा को बिना पेपर संचालित पाये जाने पर थाना खुर्जा सिटी में बंद किया गया तथा 3 अन्य वाहन विना पेपर संचालित पाये जाने पर बंद किया गया जिन पर 98100 रुपये जुमार्ना लगाया गया।

### गाजियाबाद में किसान दिवस सम्पन्न, शिकायतों के समाधान पर किसानों ने जताई संतुष्टि



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में मंगलवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने की। कार्यक्रम में जिले के लगभग 100 किसान तथा विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत उप कृषि निदेशक, गाजियाबाद द्वारा की गई, जिन्होंने गत किसान दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का विस्तृत विवरण किसानों के समक्ष पढ़कर सुनाया। कई समस्याओं के समाधान पर उपस्थित किसानों ने संतोष एवं हर्ष व्यक्त किया। मुख्य विकास अधिकारी ने उन शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए जो अभी लंबित हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान कर इसकी रिपोर्ट उप कृषि निदेशक एवं किसानों को प्रस्तुत करें। बैठक के दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सहित प्रमुख किसान प्रतिनिधि–अरुण दहिया, प्रमोद कुमार त्यागी, राजेश चौधरी, सतेन्द्र तोमर आदि ने विद्युत, सिंचाई, गन्ना, और लोक निर्माण विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपे। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, अधिशासी अभियंता सहित अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सुनना, उन्हें समाधान की दिशा में ले जाना तथा प्रशासन और किसान समुदाय के बीच संवाद को सशक्त बनाना रहा।

### ट्रक की चपेट में आने से ई रिक्शा पलटी, आधा दर्जन घायल

**बहसूमा।** क्षेत्र के ग्राम मोड खुर्द में बुधवार की सुबह मजदूरों से भारी एक ई रिक्शा ट्रक की साइड लगने से पलट गई। जिससे ई-रिक्शा में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को हस्तिनापुर सीएचसी में भर्ती कराया है जहां पर उनका उपचार चल रहा है। आरोपी ट्रक चालक को पुलिस ने ट्रक सहित हिरासत में ले लिया है। थाना पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है। बताते चले कि बुधवार की सुबह रामराज निवासी ई रिक्शा चालक मनोहर रामराज की ही रहने वाली कुछ महिला मजदूरों को लेकर बहसूमा में किसी किसान के यहां मजदूरी करने के लिए छोड़ने जा रहा था। जैसे ही मनोहर अपनी ई रिक्शा को लेकर क्षेत्र के ग्राम मोड खुर्द में पहुंचा तो सामने से आ रहे एक ट्रक संख्या यूपी 37 टी 9661 ने उसमें साइड मार दी। साइड लगने से ई रिक्शा पलट गई और उसमें सवार चालक मनोहर, ज्योति, सुखी, बिरम कुमारी, सविता, पार्वती,मीता, संतो, परमिता सरिता आदि घायल हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को हस्तिनापुर सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है तथा घटना की जांच करने में जुट गई है। थाना प्रभारी इंदु वर्मा का कहना है कि जो ट्रक पकड़ा गया है उसमें कोयला लगा हुआ था।

## प्राइवेट स्कूलों में हो रही ड्रेस किताबों में जूते कमीशन खोरी के खिलाफ शिवसेना ने किया धरना प्रदर्शन

» सब का सपना संवाददाता




**बुलन्दशहर:** शिवसेना द्वारा प्राइवेट स्कूलों में हो रही ड्रेस किताबों में जूते कमीशन खोरी के खिलाफ शिवसेना ने विरोध प्रकट किया। जिसमें काला आम चौराहे पर सभी शिवसेना कार्यकर्ता पदाधिकारी इकट्ठे हुए और नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जिसमें मान्य मुख्यमंत्री संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सोपा। इस अवसर पर राजकुमार गिरी प्रदेश सचिव सर्वेश राणा जिला अध्यक्ष शिवसेना अरुण लोधी युवा जिला अध्यक्ष पवन चौधरी आईटी सेल जिला अध्यक्ष मधु शर्मा जिला अध्यक्ष भवानी सेना नीलम देवी जिला उपाध्यक्ष नरेश सिसोदिया जिला महामंत्री युवा मोर्चा अशोक कुमार जिला सचिव उषा राजपूत जिला उपाध्यक्ष रानी देवी जिला महासचिव भवानी सेना बबलू गिरी जिला सचिव गौरव वर्मा जिला प्रवक्ता आईटी सेल गीता दुग्गल जिला संगठन मंत्री भवानी सेना प्रीति चौधरी जिला संगठन मंत्री भवानी सेना आदि सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे

## फिल्म की शूटिंग के लिए केशोपुर सठला में उमड़ी भारी भीड़, पुलिस ने संभाली व्यवस्था

» सब का सपना संवाददाता

**बीबीनगर:** केशोपुर सठला कस्बे में पिछले महीने भर से चल रही तैयारियों के बीच आज फिल्म की शूटिंग शुरू की गई। जिसमें मिजार्पुर फेम गुड्डू पंडित, सोनाली बेंद्रे और अन्य कलाकार रहे। बताते चलें कि केशोपुर सठला लगभग 400 वर्ष से ज्यादा पुराना कस्बा है जहां इंटर कालेज, बैंक, तीन प्राथमिक स्कूल, बीआरसी ऑफिस, कॉपरेटिव सोसाइटी, डाकघर जैसी तमाम सुविधाएं है कस्बे में मेडिकल की भी शानदार व्यवस्था के साथ एक बड़ा मार्केट भी है इन सभी के चलते हजारों लोग आस पास के गांवों से प्रतिदिन आते जाते रहते हैं।

कस्बा केशोपुर सठला में लगभग 125 साल पुरानी बिल्डिंग







आज भी मौजूद है क्योंकि शूटिंग सन 1949 के हालात पर होनी थी इसलिए उक्त कस्बे को डायरेक्टर द्वारा चुना गया आज शूटिंग में बारिश के सीन को दशार्या गया जिसमें क्राइम बारिश कर बुग्गी और सवार को दर्शा कर सीन पूरा किया गया शूटिंग के लिए कस्बे की 6 दुकानों को हायर कर 1949 का लुक दिया गया है। सैकड़ों की संख्या में गाड़ियों में कलाकार और शूटिंग टीम कस्बे में जमी हुई है। एक कर्मचारी से बात करने पर उन्होंने पहचान छुपाते हुए बताया कि ये मिजार्पुर 4 की तैयारी चल रही है।

कस्बा निवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर आकाश पंडित, दुज्जी पंडित, प्रमोद शर्मा वकील साहब, गोविंद गौड़, सोमिल गौड़, हर्ष, गुड्डू बजरंगी, अमित, प्रकुल गौड़, हर्ष गोयल, मयंक गोयल, बुद्धू चाचा, मनु बजरंगी, संजय बाबा, सुल्ली, सुरेंद्र गिरी, मल्लू कश्यप, संजू कश्यप, रामवीर कश्यप आदि ने व्यवस्था में पूर्ण योगदान दिया।

## कैंसर के इलाज में बदलाव ला रही है हाई–एंड रेडिएशन थेरेपी

» सब का सपना संवाददाता

**मेरठ।** रेडिएशन यानी हाई एनर्जी एक्स-रे का उपयोग करके कैंसर का इलाज, अब पहले से कहीं अधिक उन्नत और प्रभावी हो गया है। पारंपरिक रेडिएशन थेरेपी से जुड़ी एक प्रमुख समस्या इसके दुष्प्रभाव थे, जो कई बार लंबे समय तक बने रहते थे। लेकिन आज की एडवांस्ड रेडियोथेरेपी तकनीकों जैसे इमेज-गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, स्टीरियोटैक्टिक रेडियोथेरेपी, रेस्पिरेटरी गैटिंग या ट्रैकिंग ने कैंसर के इलाज को नया आयाम दिया है।

इन आधुनिक तकनीकों के कई लाभ हैं: इलाज की सटीकता अब सबमिलीमीटर स्तर तक पहुंच चुकी है, जिससे ट्यूमर को ज्यादा प्रभावी ढंग से टार्गेट किया जा सकता है और परिणाम बेहतर होते हैं। रेडिएशन से होने वाले



दुष्प्रभाव भी काफी कम हो गए हैं। इलाज के सत्र छोटे हो गए हैं जिससे मरीजों की सुविधा और आराम बढ़ा है। स्टीरियोट-क्टिक रेडियोसर्जरी या बॉडी रेडियोथेरेपी जैसी तकनीकों से एक ही दिन या 3-5 दिनों में इलाज संभव है। अब ऐसे ट्यूमर का इलाज भी संभव है जो सर्जरी से नहीं हटाए जा सकते या शरीर के कई हिस्सों में फैले मेटास्टेसेस को एक साथ टार्गेट किया जा सकता है। इसके अलावा, एक बार रेडिएशन लेने के बाद भी जरूरत पड़ने पर दोबारा रेडिएशन देना अब संभव हो गया है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली में क्लिनिकल एडमिनिस्ट्रेटर और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की डायरेक्टर एवं यूनिट हेड डॉ. राशि अग्रवाल ने बताया कि ह्लअक्सर माना जाता है कि रेडिएशन केवल पेलिएटिव (लक्षणों को कम करने वाला) इलाज है, लेकिन सच्चाई यह है कि रेडिएशन अकेले या अन्य उपचार विधियों के साथ मिलकर मरीज को पूरी तरह ठीक करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। आज की सबमिलीमीटर सटीकता के कारण फेफड़े, हड्डियों या मस्तिष्क में सीमित मेटास्टेसेस को भी प्रभावी ढंग से ठीक किया जा सकता है। एक और आम धारणा यह है कि रेडिएशन थेरेपी हमेशा सर्जरी या कीमोथेरेपी के बाद ही दी जाती है, जबकि वास्तव में हेड एंड नेक कैंसर, नाक (नासोफैरिंक्स), गले, इसोफेगस, गुदा, सर्विक्स, फेफड़ों के एडवांस्ड स्टेज कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर जैसे मामलों में रेडिएशन थेरेपी को इलाज की मुख्य विधि के रूप में भी अपनाया जाता है ह्ल

डॉ. राशि ने आगे बताया कि ह्लयह भी एक भ्रम है कि यदि मरीज की मास्टेक्टॉमी (स्तन हटाने की सर्जरी) हो चुकी है, तो रेडिएशन की आवश्यकता नहीं होती। हकीकत यह है कि यदि ट्यूमर का आकार 5 सेंटीमीटर से बड़ा हो, लिम्फ नोड्स में कैंसर फैल चुका हो, या सर्जरी में पर्याप्त लिम्फ नोड्स नहीं हटाए गए हों, तो रेडिएशन जरूरी हो जाता है। अच्छी बात यह है कि आधुनिक रेडिएशन तकनीकें दिल और फेफड़ों को नुकसान नहीं पहुंचातीं और यह इलाज अब ओपीडी आधार पर, बिना अस्पताल में भर्ती किए, केवल 1 से 3 सप्ताह में पूरा किया जा सकता है।

## ऑनलाइन ठगी किये गये कुल 95,000 रुपये थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अथक परिश्रम कर बैंक खाते में वापस करायें

» सब का सपना




**बुलन्दशहर:** दिनांक 09.04.2025 को नरेश चन्द्र निवासी महालक्ष्मी एन्कलेव डीएम रोड थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दी जिसमें आवेदक को कॉल कर झासे मे लेकर खाते से कुल 95,000 रूपयों की ठगी किये जाने के आरोप अंकित किये गये थे। । थाना कोतवाली नगर साइबर हैल्प डेस्क द्वारा अथक परिश्रम करते हुए आवेदक के 95,000 रुपये वापस कराये गये। आवेदक द्वारा थाना कोतवाली नगर पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

## प्रधानमंत्री आवास योजना में एफडीआर घोटाला! टेंडर फजीवाड़े की सीएम से शिकायत

» सब का सपना संवाददाता

**हापुड़:** प्रदेश की योगी सरकार समस्त ठेकों में पारदर्शिता लाने का प्रयास कर रही है। मगर अधिकारियों का वही एक सूत्रीय कार्यक्रम ना खाता ना बही जो हम करें वही सही तहत कार्य करते नजर आ रहे है। ऐसा ही एक मामला ग्राम हिंडालपुर में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चार मंजिला 264 ईडब्ल्यूएस भवनों के निर्माण हेतु एक कम्पनी को 17 नवम्बर 2020 को ठेका जारी कर दिया। उक्त ठेके में करीब चार वर्ष बाद एचपीडीए के अधिकारियों के कारनामे उजागर होने से अधिकारियों के भ्रष्टाचार के एक और खेल को आरटीआई कार्यकर्ता ने उजागर कर दिया। ठेका लेते वक्त एचपीडीए को दी जाने वाली धरोहर राशि करीब 84 लाख कम्पनी ने एचपीडीए के अधिकारियों से सांठगांठ कर अपने ही नाम में बनवा ली। खुलासा होने के बाद प्राधिकरण के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पिछले दिनों वीसी ने एक बाबू को सस्पेंड कर दिया। वही अवकाश पर गये अधिकारी ने अवकाश के दिन अधिकारियों सहित 50 कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र बदल डाले। आरटीआई कार्यकर्ता ने सीएम से शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग की है।

आपको बता दे कि केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार की गरीबों को आवास देने वाली महत्वपूर्ण योजनाओं में शुमार प्रधानमंत्री आवास योजना जिसका लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में भाजपा को इसका लाभ मिला जिसके चलते देश प्रदेश की दोनों सरकारों को दूसरी बार सत्ता पर काबिज हो गई थी। दोनों सरकारों की मंशा को दरकिनार कर एचपीडीए के अधिकारियों सत्ता व शासन में अपनी कामयाबी के रेत के ढेर से बने के बडे–बडे कार्यो का सपना व दावा दिखाकर वाहवाही लूट रहे है। आरटीआई कार्यकर्ता रामभरोसे तोमर ने करीब चार वर्ष पूर्व हुए एफडीआर घोटाले के खुलासे ने एचपीडीए के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नींद उड़ा दी है। पिलखुवा के हिंडालपुर में (दस करोड़ एक लाख बासठ हजार पांच सौ सत्तावन रुपये तेईस पैसे) की लागत से बनने वाले प्रधानमंत्री आवास योजना चार मंजिला भवनों का ठेका जिस कम्पनी को दिया गया। उक्त



टेंडर के एवज में एचपीडीए को दी जाने वाली धरोहर राशि करीब चौरासी लाख रुपये एचपीडीए के अधिकारियों से सांठगांठ कर कंपनी के स्वामियों ने अपनी कम्पनी के नाम करा लिए। जिसका खुलासा होने पर एचपीडीए के अधिकारी मामले को दबाने के प्रयास में जुट गये। सूत्रों की मानें तो वीसी डॉ.नितिन गौड़ ने पिछले दिनों अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके अनैतिक कार्यो के लिए जमकर फटकार लगाते हुए एक बाबू संजय

### अवकाश के दिन अधिकारियों सहित 50 कर्मचारियों कार्य क्षेत्र बदल बाबू को वीसी ने किया था सस्पेंड

अग्रवाल को भ्रष्टाचार सहित कई अनैतिक कार्यो में शामिल पाये जाने पर सस्पेंड कर मामले की जांच अधिशासी अभियंता विद्युत तेजवीर सिंह को सौंप दी थी। स्थानांतरण विवाद में फंसे प्राधिकरण प्रभारी सचिव प्रवीण गुप्ता ने छुट्टी पर चले गये और 6 अप्रैल दिन रविवार को अवकाश के दिन अधिकारियों सहित 50 कर्मचारियों के कार्यो का स्थानांतरण कर प्राधिकरण विभाग में हड़कंप तो मचा ही दिया साथ ही स्थानांतरण के एक और विवाद को जन्म दे दिया। प्राधिकरण के कई अधिकारियों ने योगी सरकार की ट्रांसफर पॉलिसी में अपने रसूख का एहसास करा दिया।

योगी सरकार स्थानांतरण पॉलिसी 03 मई 2017 के अनुपालन में गाजियाबाद से ट्रांसफर के संकेत मिलने पर अधिकारियों ने अपने जुगाड़ का इस्तेमाल कर गाजियाबाद से महज 35 किमी दूर हापुड़ के विकास प्राधिकरण में स्थानांतरण करा शासन में अपनी रसूख व रुतवे का अहसास कराते हुए मेरठ कमिश्नरी में ही कराकर अपने तत्कालीन संबंधों का आनंद ले रहे है। वही आरटीआई कार्यकर्ता राम भरोसे तोमर ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मामले में जांच की मांग की है। जिससे प्राधिकरण के अधिकारियों को एसी में पसीने आने लगे है। प्राधिकरण के प्रभारी सचिव तेजवीर सिंह का कहना है कि उन्हें उक्त मामले की जानकारी नही है। जानकारी कर आपको अवगत करायेगें। जिसके बाद उन्होंने पीएमवाई योजना देख रहे अवर अभियन्ता अजय सिंहल को फोन कर जानकारी देने को कहां अजय सिंहल से जानकारी करने पहुंचे तो उन्होंने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि उनके पास तो कुछ दिन पूर्व ही चार्ज आया है। जिस पर उन्होंने अवर अभियंता पीयूष जैन को जानकारी होने की बात कही पीयूष जैन से बात कि गई उन्होंने कहा मामला बहुत पुराना उन्हें याद नही। राम भरोसे की शिकायत के बाद लगता है। कि राम भरोसे से ही चल रही एचपीडीए की योजनाएं।

# हर चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का लक्ष्य: योगी





» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 125 से अधिक पीड़ितों की समस्याएं व्यक्तिगत रूप से सुनीं और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को तत्काल निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, ₹हर पीड़ित को न्याय दिलाकर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना ही हमारी सरकार का ध्येय है।

जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में चंदौली से आए दो युवकों को मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक भी दी। साथ ही अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों को पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुबह 10 बजे से सभी अधिकारी कार्यालय में बैठें और जनशिकायतों को सुनें।

- मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में सुनीं 125 से अधिक शिकायतें, दिव्यांग युवकों को दी वॉकिंग स्टिक, बच्चों को दुलारा- योगी सरकार की संवेदनशीलता का दृश्य बना जनता दरबार

स्थानीय शिकायतों का समाधान जनपद स्तर पर ही कराया जाए। जो समस्याएं शासन स्तर से निस्तारित होनी हैं, उन्हें ही यहां भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। समस्याओं का निस्तारण सरकार की विशेष प्राथमिकता है।

जनता दरबार में चंदौली से दो दिव्यांग युवक भी अपनी समस्या लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं, फिर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चंदौली के राजेश व चंद्रशेखर को इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक प्रदान की।

इस दौरान कुछ पीड़ितों के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें देख मुख्यमंत्री ने दुलारा-पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी।

जनता दर्शन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) एसपी गोयल, प्रमुख सचिव (गृह/मुख्यमंत्री) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार समेत कई आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

# डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय और सक्षम ट्रस्ट के बीच हुआ महत्वपूर्ण समझौता

## दिव्यांगजनों की शिक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम

» सब का सपना संवाददाता

- समावेशी शिक्षा, प्रशिक्षण और पुनर्वास के 5 प्रमुख क्षेत्रों में होगा सहयोग
- समान अवसर, आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के विजन को मिलेगा बल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा दिव्यांगजनों के समावेशन और सशक्तिकरण की दिशा में गुरुवार को एक ऐतिहासिक पहल की गई। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय और सक्षम ट्रस्ट, नई दिल्ली के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य है दिव्यांग छात्रों के लिए सुलभ और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, तकनीकी सहयोग, प्रशिक्षण, और पुनर्वास सुनिश्चित करना।

यह साझेदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उस दूरदर्शी सोच को साकार करती है, जिसके तहत हर नागरिक को बराबरी का अवसर और सम्मानजनक जीवन देने की नीति पर सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे समावेशी शिक्षा एवं सशक्तिकरण कार्यक्रमों को इस समझौते से और अधिक बल मिलेगा।

### प्रशासनिक व्यवस्था और समीक्षा प्रणाली सुनिश्चित

दोनों संस्थानों ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समन्वयकों की नियुक्ति की है। इसमें डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय से आशीष कुमार गुप्ता एवं सक्षम ट्रस्ट से रमी सेठ शामिल हैं। समझौते की अवधि प्रारंभिक रूप से तीन वर्षों के लिए तय की गई है, जिसे आवश्यकता अनुसार आगे बढ़ाया जा सकेगा। प्रत्येक वर्ष संयुक्त समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी। समझौता हस्ताक्षर समारोह में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव रोहित सिंह तथा सक्षम ट्रस्ट की ओर से दिपेन्द्र मनोचा, रमी सेठ एवं प्रो. अरुणी शर्मा उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारियों में प्रो. विनोद कुमार सिंह, प्रो. अवनीश चंद्र मिश्र, प्रो. सी. के. दीक्षित, डॉ. कौशल शर्मा, डॉ. विजय-- शंकर शर्मा और डॉ. आद्या शक्ति राय भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मंडी सुधार के जरिए किसानों की आमदनी बढ़ाने की तैयारी तेज



» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधाएं और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गतिमान कार्यों की समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं और प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा उनकी आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मंडी परिषद की कुल आय 1994.50 करोड़ रुपये रही, जो कि 2023-24 की तुलना में 16.17 प्रतिशत अधिक है। बीते वर्ष परिषद की आय 1716.87 करोड़ रुपये थी। इस बढ़ी हुई आय के लिए उन्होंने ई-मंडी पोर्टल, ई-लाइसेंस, और पारदर्शी व्यवस्थाओं को जिम्मेदार बताया।

- किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए मंडियों में होगी नई व्यवस्था : दिनेश प्रताप सिंह
- मंडी शुल्क में राहत के बावजूद आय में 278 करोड़ की बढ़ोत्तरी, सुविधाओं पर जोर

उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप, प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापारियों को मंडी शुल्क और विकास सेस में लगभग 265 करोड़ रुपये की छूट प्रदान की गई है। समीक्षा बैठक में मंडी परिषद के निदेशक इन्द्र विक्रम सिंह, संयुक्त निदेशक सचिन सिंह, चीफ इंजीनियर गिरधारी लाल, उप निदेशक चंदन पटेल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांग बच्चों ने सीखे अल्पना कला के गुर

## प्रतिभा का सम्मान और लोककला का संरक्षण हमारा लक्ष्य: जयवीर सिंह

» सब का सपना संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में आयोजित 'अल्पना चित्रण कार्यशाला' में दिव्यांग बच्चों ने अपनी कला और सृजनशीलता से सभी को अभिभूत कर दिया। संस्कृति विभाग के उत्तर प्रदेश लोक कला एवं जनजाति संस्कृति संस्थान और वाणी विकलांग सेवा संस्थान, श्रृंगारहाट द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य न केवल बच्चों को पारंपरिक लोककला से जोड़ना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भी है।

पहले दिन बच्चों ने 'अल्पना'-भारतीय लोक परंपरा की एक प्राचीन चित्रकला शैली-के बारे में सीखा और उसे आधुनिक रंगों में ढालते हुए अपनी रचनात्मकता से जीवन्त कर दिया।

कार्यशाला का शुभारंभ समाजसेविका नीलम श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा, यह कार्यशाला सिर्फ एक कला प्रशिक्षण नहीं, बल्कि इन विशेष बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम है।

बच्चों को प्रशिक्षण दे रहीं समाजसेविका वाणी शुक्ला ने बताया कि इस कार्यशाला में अल्पना को रंगोली की तरह आधुनिक दृष्टिकोण से सिखाया जा रहा है। यह आयोजन अयोध्या में अपनी तरह का पहला है।

प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, इस तरह की कार्यशालाएं समाज के विशेष बच्चों को अपनी पहचान देने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद महत्वपूर्ण हैं। राज्यभर में ऐसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि हर बच्चा अपनी प्रतिभा को पहचान सके और उसे आगे बढ़ा सके।

# डंपर की टक्कर से मासूम बालिका की मौत, मचा कोहराम

## आमजन ने ड्राइवर को पकड़कर पुलिस को सौंपा, पुलिस ने बालिका के शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमॉर्टम

» सब का सपना संवाददाता



**गोण्डा ।** जिले के मनकापुर कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 6 वर्षीय मासूम बालिका की मौत हो गई। मनकापुर गांव की रहने वाली आरुही अपने माता-पिता के साथ रुदापुर समय माता मंदिर दर्शन के लिए आई थी। हादसा मनकापुर-नवाबगंज मार्ग पर मंदिर के पास हुआ। नवाबगंज से मनकापुर की ओर आ रहे एक डंपर ने बालिका को रौंद दिया।

घटना में बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने डंपर चालक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। मनकापुर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पंचायतनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस ने डंपर को भी अपने कब्जे में ले लिया है।

मृतक के परिजनों ने डंपर चालक के विरुद्ध मनकापुर कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनोज पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मासूम बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## डीएम के आदेश पर जांच में खुलासा

# कर्नलगंज में कई दिनों से चल रहा था अवैध खनन

» सब का सपना संवाददाता




**गोण्डा।** जिले के करनैलगंज तहसील के ग्राम नगवाकला में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश पर बुधवार की बीती रात्रि 2 बजे खनन अधिकारी द्वारा थाना करनैलगंज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में यह पाया गया कि लगभग 47०27 वर्गमीटर क्षेत्रफल में एक मीटर गहराई तक अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की गई थी। हालांकि मौके पर कोई वाहन नहीं मिला, लेकिन जेसीबी और डंपरों के टायरों के निशान स्पष्ट रूप से देखे गए,जिससे यह अनुमान लगाया गया कि यह खनन गतिविधि कई दिनों से संचालित की जा रही थी। इस पूरे प्रकरण में संबंधित

- लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की भूमिका संदिग्ध, कार्रवाई के संकेत
- नगवाकला में अवैध मिट्टी खनन का हुआ पदार्फाश, मौके पर पहुँचे अधिकारी

लेखपाल और राजस्व निरीक्षक की भूमिका पर गंभीर सवाल उठे हैं। जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में स्पष्ट आदेश दिए गए थे कि क्षेत्र में यदि कहीं अवैध खनन होता है तो सम्बन्धित राजस्व व पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इसके बावजूद ग्राम नगवाकला में हो रहे खनन की कोई सूचना न स्थानीय पुलिस को दी गई और न ही उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। एक अन्य प्रकरण में थाना खरगूपुर क्षेत्र में भी अवैध मिट्टी पटान की सूचना पर जांच की गई, परन्तु शिकायतकर्ता के स्थल पर न पहुँचने के कारण निरीक्षण सीमित रहा। यहाँ एक निमार्णाधीन मकान की नींव में 90 घनमीटर सामान्य मिट्टी का पटान पाया गया। खनन अधिकारी द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि नियमानुसार भूमि स्वामी और गाटे की जानकारी एकत्र कर संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा, तथा सक्षम न्यायालय में परिवाद दायर करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि यदि भविष्य में किसी क्षेत्र में अवैध खनन की पुष्टि होती है, तो उस क्षेत्र के लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदार मानते हुए उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# टीएचआर प्लांट्स से महिलाओं के जीवन में आई खुशहाली : आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता उत्तर प्रदेश

## डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने चिनहट में टीएचआर प्लांट का किया निरीक्षण, विस्तार की दी मंजूरी, सोलर एनर्जी से लागत में आई भारी कमी

» सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को लखनऊ के अनौराकला, चिनहट स्थित स्वयं सहायता समूहों द्वारा संचालित टेक होम राशन प्लांट का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट में तैयार किए जा रहे पुष्टाहार उत्पादों की गुणवत्ता, महिलाओं की आय, और प्लांट संचालन की चुनौतियों के बारे में जानकारी ली।

महिलाओं ने बताया कि पहले बिजली का बिल लगभग 1.25 लाख रुपये तक आता था, लेकिन सोलर प्लांट लगने के बाद यह घटकर सिर्फ 35 हजार रुपये रह गया है।

खाद्य प्रसंस्करण नीति के तहत 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर प्लांट लगाए गए हैं। यह कदम न केवल लागत कम करने में सहायक है, बल्कि यह प्रयास हरित ऊर्जा की दिशा में एक बड़ा योगदान भी है।





### एक महीने में होगा प्लांट का विस्तार, नए यूनिट होंगे स्थापित

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बेसन, आटा, मसाला और तेल की यूनिट एक महीने के भीतर तैयार की जाए। इसके अलावा बैंकों से टाइअप कर स्वयं सहायता समूहों को भरपूर मदद दी जाएगी। उन्होंने कहा, ₹महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए डबल इंजन सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।₹

### 6 प्रकार के पौष्टिक खाद्य उत्पादों का निर्माण

वर्तमान में इस यूनिट में 10 स्वयं सहायता समूहों की चयनित महिलाएं कार्यरत हैं, जो पंजीरी, आटा बेसन हलवा, मूंग दाल खिचड़ी, और बर्फी जैसे 6 प्रमुख उत्पाद तैयार कर रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि पोषण विभाग को आपूर्ति के साथ-साथ मार्केट बिक्री की दिशा में भी कार्य किया जाए, जिससे महिलाओं की आमदनी के और नए रास्ते खुल सकें।

### महिलाओं से बातचीत और सराहना

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने महिलाओं से व्यक्तिगत संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने। उन्होंने महिलाओं के काम की खुले दिल से प्रशंसा की और उन्हें आत्मनिर्भर भारत की सच्ची प्रतीक बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्कूल न जाने पर पिता की डांट से आहत 11 वर्षीय लड़के ने आत्महत्या की

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में 11 वर्षीय एक लड़के ने स्कूल न जाने को लेकर पिता की डांट से आहत होकर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। किरतपुर थाना प्रभारी (एसएचओ) वीरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना बुधवार को मिल्कियां मोहल्ला की है, जहां निसार नाम के एक व्यक्ति ने अपने बेटे शादान को स्कूल में बार-बार अनुपस्थित रहने के लिए डांटा था। अधिकारी ने बताया, पिता की डांट से आहत होकर शादान घर से चला गया और जब वह वापस नहीं लौटा तो परिवार ने उसकी तलाश शुरू की और बाद में उसका शव पास के खाली प्लॉट में दीवार पर लगे हुक से लटका हुआ मिला। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच जारी है।

### लौट रहा है गर्मियों में टीवी पर राज करने हमारा नटखटों का सरदार- शिन चेन!

**मुंबई।** वो शरारती है, वो मनमोहक है, और जरा भी रुकने वाला नहीं है- इस सीज़न में वह फिर लौट रहा है, पूरे धमाके के साथ! तैयार हो जाइए हंसी के नॉन-स्टॉप डोज़ के लिए। इनमें होंगे पहले कभी न देखे गए एपिसोड्स और आपकी पसंदीदा फिल्में - सिर्फ सोनी ये! पर। लेकिन इतना ही नहीं - शिन चेन अब सिर्फ आपकी स्क्रीन पर नहीं, बल्कि जहां आप जाएंगे वहां भी नजर आएगा। मॉल्स से लेकर शहर के इवेंट्स तक शिन चेन आ रहा है असली दुनिया में भी, हंसी, मस्ती और ढेर सारी फोटो के साथ। तो चाहे आप टीवी देख रहे हों, बाहर घूम रहे हों, या दोनों के बीच में कहीं हों - अब वक्त है सिर्फ शिन चेन टाइम का! तो फिर इंतजार किस बात का? चलिए मस्ती शुरू करें! पहली बार दिखाए जाने वाले शिन चान के एपिसोड्स और फिल्में देखें, सिर्फ सोनी ये! पर, 21 अप्रैल से, सोमवार से शुक्रवार दोपहर 1 बजे।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल , एजेंसी।** मणिपुर के इंफाल घाटी जिलों में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के एक सक्रिय सदस्य को बुधवार को इंफाल पश्चिम जिले के फयेंग गांव से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उग्रवादी की पहचान 32 वर्षीय अंगोम अजॉय मेइती के रूप में हुई है और उसके पास से बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट, दूरबीन और अन्य सामान जब्त किया गया है। इंफाल पूर्व जिले के लाईहारोबाम लीराक इलाके से कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (लालुम्बा) के एक उग्रवादी को पकड़ा गया, जिसकी पहचान वाहेंगबाम रामानंद सिंह (50) के रूप में हुई है।

# कक्षा 1 से 5 तक हिन्दी होगी अनिवार्य, भाषा विरोध के बीच राज्य सरकार का फैसला



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में इन भाषाओं के साथ-साथ हिंदी भाषा को भी कक्षा 1 से 5 तक के लिए अनिवार्य कर दिया है। राज्य में मराठी भाषा को बढ़ाए जाने और हिंदी भाषी लोगों के साथ होने वाली मारपीट की कई घटनाएं सामने आने के बीच राज्य सरकार ने यह फैसला लिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के पाठ्यक्रम के तहत महाराष्ट्र में यह तीन भाषा फॉर्मूला लाया गया है।

राज्य के स्कूली शिक्षा विभाग ने बुधवार को इस बारे में एक बयान जारी करते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुझावों को मानते हुए पाठ्यक्रम को एक नए तरीके से तैयार किया गया है। इस बयान के अनुसार, महाराष्ट्र के अन्य माध्यम स्कूल पहले से ही तीन भाषा फॉर्मूले का पालन कर रहे हैं.. क्योंकि राज्य में मराठी और अंग्रेजी भाषा को पढ़ाना अनिवार्य है। ऐसे में यह अपने आप ही तीन भाषाएं पढ़ाते हैं। मराठी और अंग्रेजी भाषाओं के स्कूलों में केवल दो भाषाएं पढ़ाई जाती थीं। अब इनमें हिंदी भी पढ़ाई जाएगी। यह नई नीति अगले शैक्षिणिक वर्ष 2025 से लागू हो जाएगी। इसके अलावा राज्य सरकार ने नई शिक्षा नीति के तहत कई अन्य बदलावों की भी घोषणा की। बयान के मुताबिक नए शैक्षिणिक वर्ष 2025 से अब स्कूली शिक्षा में 5+3+3+4 फॉर्मूले की शुरुआत की जाएगी। इसमें पहले के पांच साल फाउंडेशन स्टेज के होंगे, जबकि कक्षा तीन से 5 तक प्रारंभिक स्टेज के होंगे। कक्षा 6 से आठ मिडिल स्कूल के अंतर्गत आएंगे जबकि अंतिम चार साल माध्यमिक शिक्षा के होंगे।

नई नीति के अनुसार महाराष्ट्र के राज्य बोर्ड की किताबों में भी बदलाव किया जाएगा। यह किताबें भी अब राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा विकसित किए गए पाठ्यक्रम के आधार पर ही होंगी। इसके साथ ही इनमें स्थानीय भाषा और भूगोल के हिसाब से सामाजिक विज्ञान में बदलाव किए जाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक निदेशक राहुल रेखवार ने कहा कि प्री प्राइमरी सेक्शन के पहले तीन वर्षों के लिए पहले ही पाठ्यक्रम तैयार कर लिया गया है। इसे महिला एवं बाल कल्याण विकास विभाग के सहयोग से लागू किया गया है। इसके अलावा इस पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए आंगनवाड़ियों में काम करने वाले लोगों के लिए हम कार्यशालाएं आयोजित करेंगे।

# झज्जर रोड पर बनेगा बाइपास, ट्रैफिक जाम से मिलेगी निजात; अधिकारियों के साथ बनाई रूपरेखा



**गुरुग्राम एजेंसी।**
गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) गुरुग्राम-झज्जर रोड पर जाम को खत्म करने की योजना बना रहा है। इसके तहत धनकोट गांव से बाइपास बनाने की योजना बनाई जा रही है। अगले एक महीने में इस योजना को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। ओल्ड गुरुग्राम निवासी गुरुग्राम से झज्जर जाने के लिए बसई रोड का इस्तेमाल करते हैं। धनकोट गांव के पास सड़क संकरी होने से सुबह और शाम में जाम की समस्या बन जाती है। पिछले साल तत्कालीन जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने इस सड़क को दुरुस्त करने की योजना बनाई थी।

सेक्टर-102ए स्थित एमआर गुड़गांव ग्रींस सोसाइटी के पास से वैकल्पिक रास्ता निकाला था, जो द्वारका एक्सप्रेसवे पर आकर मिलता था, लेकिन गुरुग्राम नहर के पास सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की योजना पर काम नहीं हुआ था। ऐसे में इस सड़क पर रोजाना जाम लगता है। इससे वाहन चालकों को परेशानी होती है। सुबह और शाम में आधा किलोमीटर लंबे इस हिस्से को पार करने में 20 से 25 मिनट लग जाता है। इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर शहरी विकास के प्रधान सलाहकार सेवानिवृत्त मुख्य सचिव डीएस ढेसी ने तैयारी शुरू की है।

पिछले सप्ताह इस सिलसिले में जीएमडीए अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई थी। इसमें मुख्य अभियंता अरुण धनखड़, वरिष्ठ नगर योजनाकार नरेश कुमार, सलाहकार एसके चहल, कार्यकारी अभियंता विकास मलिक आदि मौजूद थे। बैठक में गुरुग्राम-मानेसर विकास योजना को लेकर चर्चा हुई। बैठक के दौरान देखा गया कि सेक्टर-99-99ए को विभाजित कर रही मुख्य सड़क आगे जाकर गुरुग्राम-झज्जर रोड से जुड़ रही है, लेकिन करीब 500 मीटर लंबी सड़क को लेकर जमीन का अधिग्रहण नहीं हुआ है। ऐसे में विचार हुआ कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की मदद से प्रस्तावित सड़क के इस हिस्से के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जाए। सेक्टर-99-99ए की मुख्य सड़क के निर्माण में जहां-जहां विवाद है, उन्हें दूर किया जाए।

हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने राज्य भर में वृद्धाश्रम निर्माण की धीमी गति पर गंभीर चिंता जताई है। वर्तमान में रेवाड़ी जिले में केवल एक वृद्धाश्रम चल रहा है और वह बहुत अच्छी स्थिति में नहीं है। सरकार द्वारा प्रस्तुत स्थिति रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2025 तक झज्जर, पलवल, पानीपत, रोहतक और सिरसा में वृद्धाश्रमों के लिए भूमि की पहचान नहीं की गई है। इस बीच, गुरुग्राम, कैथल, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ और नूंह जैसे जिलों ने भूमि चिह्नित कर निर्माण प्रक्रिया शुरू कर दी है। फरीदाबाद, फतेहाबाद, हिसार, जींद, कुरुक्षेत्र, सोनीपत और यमुनानगर में नियोजन अनुमोदन की कमी के कारण निर्माण लंबित है। हालांकि, करनाल (स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत) और पंचकूला (माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड की देखरेख में) में काम चल रहा है।

# फरीदाबाद में मोबाइल मांग रहा था छात्र, नहीं मिलने पर सुसाइड

**फरीदाबाद एजेंसी।**
फरीदाबाद में मोबाइल नहीं मिलने से परेशान नौंवी कक्षा के एक छात्र ने मंगलवार शाम अपने घर में फंदा लगाकार खुदखुशी कर ली। उसकी पहचान सूर्या विहार पार्ट दो निवासी 15 वर्षीय नितिन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नितिन तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ा था। वह दिल्ली के मीठापुर स्थित राजकीय स्कूल में नौंवी कक्षा में पढ़ता था। वह अपने माता-पिता के साथ पल्ला के सूर्या विहार पार्ट दो स्थित 30 गज में बने एक मकान में रहता था। उसके पिता एक कंपनी में काम करते हैं। अक्सर वह मोबाइल फोन देखता रहता था। इससे उसके माता-पिता परेशान थे। वह कई बार इस बाबत टोका और डांटा भी जाता था। बेटे का मोबाइल फोन चलाने का लत दूर हो, इस बाबत उसके माता-पिता मोबाइल को रिचार्ज भी नहीं कराते थे। मंगलवार शाम उसकी मां घर में काम कर रही थी। साथ ही पिता ड्यूटी पर थे। काम से फुर्सत पाकर जब उसकी मां उसके कमरे में गई तो देखा कि नितिन कसरत करने के लिए बनाए पुलअप बिंब में बंधे गमछे के फंदे से लटका था। यह देखकर उसकी मां के होश उड़ गए और चीखें निकल गईं। उन्होंने तुरंत मोबाइल फोन पर कॉल करके पति को जानकारी दी। फिर डायल-112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे तुरंत बीके अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पल्ला थाना के एसएचओ रणवीर सिंह ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह पुलअप के लिए बांधे बिंब से लटका था। पुलिस आत्महत्या करने के कारणों की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार नितिन व्यायाम करने का शौकीन था। वह रोजाना एक घंटे से अधिक समय तक कसरत करता था। वह खेलने के आसपास के मैदान में जाने के बाद भी वहां पुसअप आदि करता था। वह अक्सर सोशल मीडिया पर कसरत करने के तरीकों की वीडियो आदि भी देखता था। यहां तक कि इस तरह का वीडियो या रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करता था। बताया जा रहा है कि वह भारतीय सेना या पुलिस में नौकरी करने की ईच्छा रखता था। ऐसे में सेना या पुलिस में भर्ती होने के लिए शरीर को जरूरी लंबाई तक पहुंचाने की कोशिश करता था। वह अक्सर पुलअप करता था।

### ग्रेटर नोएडा में पेड़ से टकराई स्कूल बस, मच गई चीख-पुकार

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा में एक स्कूल बस हादसे का शिकार हो गई। गाजियाबाद के एक स्कूल की बस गुरुवार की सुबह थाना बिसरख क्षेत्र के चार मूर्ति चौराहे पर अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई, जिससे बस में सवार चार बच्चे घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया और बस में सवार बच्चों को दूसरी बस से स्कूल भेजा। कुछ बच्चों को मामूली चोटें आई हैं।

इस बीच, बस के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर पाकर घबराए हुए अभिभावक मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्कूल प्रशासन और बस संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आज सुबह थाना बिसरख क्षेत्र के चार मूर्ति चौराहे पर एक स्कूली बस अनियंत्रित होकर पेट से टकराने सूचना मिली। उन्होंने बताया कि यह बस गाजियाबाद के प्रताप विहार स्थित ब्लूम पब्लिक स्कूल की है।

# एनसीआर में गरजा बुलडोजर, फरीदाबाद में दुकानें तोड़ीं; नोएडा में 150 करोड़ की जमीन कराई खाली



**नोएडा एजेंसी।**
एनसीआर क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने बुलडोजर कार्रवाई की है। फरीदाबाद में दुकानों को तोड़ा गया। वहीं नोएडा में 150 करोड़ से ज्यादा की जमीन खाली कराई गई, जिसपर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही थीं। ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-87 में बुधवार को मास्टर रोड किनारे बनी अवैध दुकानों पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने तोड़फोड़ की। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दुकानों को गिराया गया। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की कार्रवाई के दौरान एक युवक अपनी दुकान की छत पर चढ़ गया और अन्य लोगों ने भी विरोध किया, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में हंगामा नहीं बढ़ सका। अधिकारियों का कहना है कि शहर का विकास मास्टर प्लान के अनुसार ही किया जाएगा और अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के एसडीओ राजपाल ने बताया कि दो दिन पहले ही सभी दुकानदारों को दुकानें खाली करने के लिए कहा गया था और अवैध निर्माण की निशानदेही भी कर दी गई थी। नोएडा प्राधिकरण ने बुधवार को हैबतपुर गांव स्थित डूब क्षेत्र में अवैध कॉलोनी को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। 120 बीघा जमीन कब्जा मुक्त कराई गई, जिसकी कीमत 150 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। डूब क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण हो रहा है। यहां अवैध कॉलोनी काटी जा रही हैं। हैबतपुर में अवैध निर्माण की सूचना मिलने पर नोएडा प्राधिकरण, सिंचाई विभाग, जिला प्रशासन की टीम ने अभियान चलाया और यहां बनी अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। कुछ लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध करने का प्रयास किया। अभियान में 250 से अधिक कर्मचारियों, तीन जेसीबी और पांच डंपर लगे थे। प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने कहा कि इस इलाके में अवैध कॉलोनी काटने वाले लोगों को चिह्नित किया जा रहा है। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे डूब क्षेत्र में जमीन की खरीद-फरोख्त न करें। यहां पर पक्का निर्माण नहीं हो सकता और न ही किसी प्रकार की सुविधाएं यहां पर लोगों को मिलेंगी।

# पाकिस्तान सेना प्रमुख ने दोहराई टू-नेशन थ्योरी, जनरल मुनीर बोले- हमारी सोच और महत्वाकांक्षाएं हिंदुओं से अलग, इसलिए दो अलग देश बने



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा है कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। देश की राजधानी इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन जनरल मुनीर ने यह बात कही। सम्मेलन में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ समेत पाकिस्तान के कई बड़े नेता मौजूद थे। जनरल मुनीर ने कहा- पाकिस्तान की कहानी अपने बच्चों को आपको जरूर सुनानी है। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंदुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी कैसे रक्षा करना है। जनरल मुनीर ने कहा- आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। पहले कहा था- भारत हमारे नागरिक मार रहा पाकिस्तान के आर्मी चीफ ने पिछले साल कहा था कि भारत हमारी जमीन पर आतंक बढ़ा रहा है। वे हमारे मुल्क में घुसकर पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या कर रहे हैं। भारत की तरफ से अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन उसकी आदत बनती जा रही है।

इसके खिलाफ अब कई देश आवाज भी उठा रहे हैं। हम अपने नागरिकों की रक्षा के लिए उनकी इन साजिशों को लगातार नाकाम करते रहेंगे। अगर कोई भी मुल्क पर हमला करेगा या हमारी क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन करेगा, तो सेना पूरी ताकत से इसका जवाब देगी।

**बांग्लादेश से तुलना करने पर भड़क गए थे जनरल मुनीर:** पिछले साल पाकिस्तान में इमरान खान की रिहाई के लिए हुए प्रदर्शन हुए थे। इन प्रदर्शनों की तुलना बांग्लादेश में तख्तापलट के दौरान बने हालात से की जा रही थी। इसे लेकर आर्मी चीफ मुनीर भड़क गए थे। उन्होंने कहा था देश में संकट खड़ा करना 'सबसे बड़ा गुनाह' है। सेना ऐसी किसी भी कोशिश को नाकाम कर देगी और देश की हिफाजत करेगी। मुनीर ने कहा कि अगर कोई पाकिस्तान में अराजकता फैलाने की कोशिश करता है तो 'अल्लाह कसम', हम उनसे मुकाबला करेंगे। उन्होंने यकीन दिलाया कि अल्लाह के रहमो करम से पाकिस्तानी सेना अशांति और अव्यवस्था को दूर करने में कामयाब होगी।

# ईरान की अमेरिका के साथ रोम में होगी दूसरे दौर की परमाणु वार्ता, तेहरान ने की पुष्टि



**दुबई, एजेंसी।** ईरान ने बुधवार को पुष्टि की कि इस साप्ताहांत पर अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता रोम में होगी। इससे पहले वार्ता के स्थान को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई थी। ईरान ने पहले कहा था कि वार्ता ओमान में होगी। ईरान के सककारी टेलीविजन ने यह जानकारी दी। वार्ता में ओमान मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा। पेजेशकियान ने अपने उपराष्ट्रपति मोहम्मद जवाद जरीफ का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। जरीफ 2015 में हुए परमाणु समझौते के मुख्य वार्ताकार थे। राष्ट्रपति ने जरीफ की सराहना करते हुए कहा कि उनकी सरकार अब कुछ वजहों के कारण जतरफी के अनुभव का लाभ नहीं उठा सकती। नए उपराष्ट्रपति के रूप में मोहसिन इस्माइली की नियुक्ति की गई है, जो एक मध्यमार्गी और कानून विशेषज्ञ माने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी भी बुधवार को तेहरान पहुंचे। उनके दौरे का मकसद प्रस्तावित समझौते के तहत निरीक्षकों को कितनी पहुंच मिलेगी, इस पर चर्चा करना है। ईरान ने 2018 में अमेरिका के समझौते से बाहर निकलने के बाद आईएईए के निरक्षकों की पहुंच सीमित कर दी थी। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने अमेरिका से आग्रह किया है कि वह वार्ता में विरोधाभासी रुख अपने से बचे। उन्होंने कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान का अधिकार है और इसे वार्ता का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता। ईरान इस मुद्दे पर भरोसे को बनाने के लिए तैयार है, लेकिन यूरेनियम संवर्धन का अधिकार अपरिवर्तित रहेगा। दोनों देशों के बीच आधी सदी शत्रुता के बाद यह वार्ता हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर समझौता नहीं हुआ तो ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हवाई हमले किए जा सकते हैं। ईरान ने भी अपने संवर्धित यरेनियम के स्तर को हथियार-श्रेणी के करीब बताते हुए परमाणु हथियार बनाने की धमकी दी है।

# यूक्रेन ने चीनी सैनिकों को मीडिया के सामने पेश किया, रूस की तरफ से जंग लड़ रहे थे; पिछले हफ्ते पकड़ा था



**कीव, एजेंसी।**
यूक्रेन ने रूस की तरफ से जंग लड़ रहे चीनी सैनिकों को मीडिया के सामने पेश किया। पिछले 3 साल चल रही रूस-यूक्रेन जंग में ऐसा पहली बार हुआ। यूक्रेन ने पिछले हफ्ते जंग लड़ रहे 2 चीनी नागरिकों को पकड़ने का दावा किया था। हालांकि चीन ने अपने नागरिकों के जंग में शामिल होने की बात से इनकार कर दिया था। इसके बाद यूक्रेन ने इन युद्धबंदियों को मीडिया के सामने परेड कराने का फैसला किया। इसके लिए यूक्रेन ने युद्धबंदी कानून भी तोड़ा है। युद्धबंदियों की पहचान उजागर करना और उन्हें कैमरों व पत्रकारों के सामने पेश करना अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन माना जाता है।

इससे पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि उनकी खुफिया एजेंसी ने 155 चीनी नागरिकों की पहचान की है जो रूस की तरफ से जंग लड़ रहे हैं। यह संख्या ज्यादा भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पहचान में आए सभी लोगों के नाम और पासपोर्ट की जानकारी उनके पास है। जेलेंस्की के मुताबिक रूस सोशल मीडिया के जरिए चीनी नागरिकों की भर्ती कर रहा है। चीन को भी इस बात की जानकारी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन यह जानने की कोशिश कर रहा है कि भर्ती करने वालों को बीजिंग की तरफ से निर्देश मिल रहे हैं या नहीं। इससे पहले जेलेंस्की ने 8 अप्रैल को जंग में शामिल दो चीनी नागरिकों का वीडियो शेयर किया, जिन्हें यूक्रेन ने पकड़ा था।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस, चीन को इस जंग में खींच रहा है। यह पुतिन के प्लान का हिस्सा है। पुतिन चाहते हैं कि यूरोप में जंग फैले। रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेनी सेना डोनेट्स्क में 6 चीनी नागरिकों से लड़ाई लड़ रही थी। इस दौरान 2 लोगों को जिंदा पकड़ लिया गया। बाकी के चार चीनी नागरिक मारे गए या भाग गए, अभी साफ नहीं है।

जेलेंस्की ने दावा किया कि पकड़े गए चीनी नागरिकों के पास से उनके पहचान पत्र, बैंक कार्ड और व्यक्तिगत डेटा मिला है। उन्होंने ये भी बताया कि चीनी नागरिक अब यूक्रेन की सुरक्षा सेवा की हिरासत में हैं। जेलेंस्की ने पकड़े गए चीनी नागरिकों का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।

जेलेंस्की ने अगले दिन बुधवार को दावा किया था कि वे रूस में बंदी बनाए गए यूक्रेनी सैनिकों के बदले दो युद्धबंदियों को देने को तैयार हैं। जेलेंस्की के दावे को चीन ने खारिज कर दिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बुधवार को कहा कि इस दावे में कोई सच्चाई नहीं है। चीनी सरकार ने हमेशा अपने नागरिकों को जंग वाले इलाके से दूर रहने और किसी भी तरह से ऐसी लड़ाई में शामिल होने से बचने को कहा है। लिन जियान ने कहा कि चीन, यूक्रेन के साथ बातचीत करके इस मामले से जुड़ी पूरी जानकारी हासिल कर रहा है।

चीन खुद को युद्ध में तटस्थ बताता है और कहता है कि वह न तो हथियार देता है और न ही सैनिक भेजता है। रूस ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। हालांकि, अमेरिका ने कहा कि यह जानकारी चौंका देने वाली है। यूएस स्टेट डिपार्मेंट की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा कि चीन, रूस का मददगार देश है जो जंग को बढ़ावा दे रहा है। रूस पहले भी चीन को ड्रोन पार्ट्स और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स देता रहा है, लेकिन सैनिकों की मौजूदगी हैरान करने वाली है। रूस-यूक्रेन जंग में विदेशी सैनिकों की मौजूदगी के दावे पहले भी किए जाते रहे हैं। इससे पहले दक्षिण कोरिया ने दावा किया था कि उत्तर कोरिया के 10 हजार सैनिक रूस की तरफ से यूक्रेन में जंग लड़ रहे हैं। इस बीच यूक्रेन के अखबार प्राव्दा ने यूक्रेनी सेना का हवाला देते हुए बताया है कि चीनी नागरिकों को जंग लड़ने के लिए रूस पैसे दे रहा है। जो शख्स पकड़ा गया है उसे चीन में एक रूसी ब्रोकर ने 3,480 डॉलर, यानी 3 लाख रुपए दिए थे। इसके साथ ही उसे रूसी नागरिकता देने का भी वादा किया गया था।

# यदि पैरेंट का आशीर्वाद है, तो सफलता अवश्य मिलेगी: एक्ट्रेस मिनी बंसल

» जी.एस. अग्रवाल (मुंबई): हमारे फिल्मी रिपोर्टर जी.एस.अग्रवाल से बॉलीवुड एक्ट्रेस मिनी बंसल से बातचीत के कुछ अंश...

**1 - (जी .एस . अग्रवाल) - सबसे पहले आपसे हमारा सवाल है। कि आपने अपने कैरियर की शुरूआत कहां से की ?**
**मिनी बंसल –** मैने अपने कैरियर की शुरूआत दिल्ली से की है। मॉडलिंग ,डांसिंग से, उसके बाद मैने मुंबई में मेरे विजिट रहते थे। हमारे पास मूवी का ऑफर आया मैने एक्सेप्ट कर लिया और मैने पंद्रह दिनों की शूटिंग की। इसके बाद मैने रिलायज किया। इसके बाद मैं परमानेंट के लिए मुंबई शिफ्ट होकर अपने कैरियर को कंटिन्यू करना चाही ।

**2 - ( जी .एस .अग्रवाल ) - आपकी प्राथमिक शिक्षा कहां से हुई और आपने किस मोड़ पर अपने जीवन का लक्ष्य तय किया ?**
**मिनी बंसल –** मैने अपनी स्टडी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से कंप्लीट की है। मैने बी. कॉम ग्रेजुएट मैने कॉरेस्पॉन्डेंस से स्टडी की थी ओर उसके बाद ही मुझे रियलाइज हुआ, कि मुझे अपने कैरियर को फोकस करना चाहिए तो मैने उसके दौरान ही अपना कैरियर स्टार्ट किया।

**3 - (जी .एस अग्रवाल ) - आपकी सफलता और आज आप जिस मुकाम पर हैं उसे पाने के लिए आपने क्या किया और उसमें मुख्य भूमिका किस की रही ?**
**मिनी बंसल –** मैने अपनी सफलता और मै जिस मुकाम पर हूं। उसे पाने के लिए मैने बहुत कड़ी मेहनत की है। मेरा जुनून मुझे यहां तक लाया हैं। मैने पूरा अपना डेडीकेशन पूरा अपना फोकस सिर्फ अपने कैरियर पर लगाया हैं। इसे पाने के लिए मैने बहुत ज्यादा मेहनत की है। ओर अभी तो बहुत लंबा सफर है जो मुझे तय करना है। इसमें मेरी भूमिका तो मेरे खुद के अंतर आत्मा हैं। ओर उसके साथ मेरे पैरेंट का आशीर्वाद हैं।

**4 - ( जी .एस .अग्रवाल) - आज आप जिस मुकाम पर हैं और आज लोग आपको जानते हैं। यह देख कर आपको कैसा महसूस होता है ?**
**मिनी बंसल –** आज मैं जिस मुकाम पर हूं। लोग मुझे जानते है तो मुझे देख कर बहुत ज्यादा खुशी होती हैं। बहुत अच्छा महसूस होता है कि मैं जिस कड़ी मेहनत से यहा तक पहुंची हूं। क्योंकि ऑडियंस की नजर में आपका प्यार होना ओर आप को एक्सेप्ट करना ही आपके लिए सबसे बड़ा एक रिजल्ट होता है। आपके लिए गिफ्ट होता हैं। तो मुझे बहुत अच्छा और खुशी होती है।

**5 - (जी .एस .अग्रवाल ) - आपने आज तक अपने जीवन में जो तय किया है। और उसको पाने के लिए आपने दिन रात मेहनत की। क्या अभी वह सपना अधूरा है ?**
**मिनी बंसल –** जी हां , सपना तो अधूरा है ओर अभी सफर बहुत लंबा हैं। मुझे बहुत आगे तक जाना है। उसके लिए मैं बहुत कड़ी मेहनत कर रही हूं। ओर मै भगवान पर भी बिलीव करती हूं। मैं भगवान के फैसले का भी हमेशा शुक्रिया मानती हूं। अपने सपने को पूरा करने के लिए मै इस सफर पर चलती जाऊंगी अपने सपने को पूरा करके ही मानूंगी ।



**6 - ( जी .एस .अग्रवाल ) - आपको आपके परिवार से सबसे ज्यादा सपोर्ट और सहयोग किस से मिला ?**
**मिनी बंसल –** मुझे अपने परिवार से सबसे ज्यादा सपोर्ट और सहयोग मेरे पैरेंट का मिला है। मेरे पैरेंट के प्यार और आशीर्वाद के बिना कुछ भी संभव नहीं था। सबसे ज्यादा सपोर्ट मुझे मेरी मम्मी का मिला है।

**7 - ( जी .एस .अग्रवाल) - आपको अभी तक कौन-कौन से सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है ?**
**मिनी बंसल –** मुझे अभी तक बीस से पच्चीस अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका हैं। उनमें से कुछ मै अवार्ड के नाम बता देना चाहती हूं। जैसे कि दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड, छत्रपति शिवाजी अवार्ड ,भारत रत्न डॉक्टर अब्दुल कलाम अवार्ड, इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन अवार्ड, मुंबई हलचल अवार्ड, टाइफा अवार्ड, फिल्म अफेयर अवार्ड, कर्मवीर अचीवमेंट अवार्ड ,एशियन फैशन टूर गोवा अवार्ड,आदि ।

**8 - (जी .एस .अग्रवाल) - आपके जीवन के रोल मॉडल कौन है । तथा आप किस फिल्म स्टार की तरह बनना चाहती हैं ?**
**मिनी बंसल –** मेरे जीवन में माधुरी दीक्षित, रेखा, श्रीदेवी , प्रियंका चोपड़ा और कंगना रनौत को मै अपना रॉल मॉडल मानती हूं। उनकी तरह ही एक बहुत प्रसिद्ध और बहुत ही सुलझी हूं ओर वसेर्टाइल एक्ट्रेस बनना चाहती हूं।

**9 - ( जी .एस .अग्रवाल ) - अभी तक आपने जितनी भी कार्य किए हैं । उनमें से आपके लिए सबसे बेस्ट और सबसे अच्छा कार्य और अनुभव कौन सा रहा है ?**
**मिनी बंसल –** मैने अभी तक जितना भी काम किया हैं मुझे अपने काम से बहुत प्यार हैं। मुझे अपने सभी प्रोजेक्ट बहुत अच्छे लगते हैं। कुछ प्रोजेक्ट हैं। जो मै आप को बताना चाहती हूं। ओर जो मेरी स्पेशल यादगार हैं। जैसे कि कृष्णा अभिषेक के साथ मैने एक मूवी की थी। जिसका नाम हैं। शर्मा जी की लग गई , एक्टर गोविंदा सर के साथ मुझे काम करने का मौका मिला। जो मूवी अभी बहुत जल्दी रिलीज होने वाली हैं। एक्टर अमिताभ बच्चन सर के साथ मैने एक के. बी. सी. प्रमोशन का एड किया था। वह मेरी एक यादगार एड हैं। जयाप्रदा मेम के साथ रिलायंट एक्यू वाटर प्यूरीफायर की एड की थी जो मेरी बहुत यादगार एड हैं। मैने अभी तक दस से पंद्रह एड किए हैं। यूजिक एलबम विथ वीडियो किए हैं। मूवीज की हैं। और दस पंद्रह शॉर्ट फिल्म की हैं। मेरी एक शॉर्ट फिल्म थी। जिसका नाम हैं । ह्न ब्लाइंड विंडो , उसके लिए मुझे वेस्ट एक्ट्रेस का भी अवार्ड मिल चुका हैं।

**10 - (जी .एस .अग्रवाल ) - आप आने वाली पीढ़ी को कोई ऐसा संदेश देना चाहेंगी जिनसे वह प्रेरित हो सके ?**
**मिनी बंसल –** में आने वाली पीढ़ी को यही संदेश देना चाहती हूं कि आप हमेशा अपने जुनून को अपने पैशन को जरूर फॉलो कीजिए तथा अपनी स्टडी भी कंप्लीट कीजिए। बीकॉज आप का जुनून अगर आप अपने जुनून को फॉलो करते हैं तो आपको उसमें सफलता जरूर मिलेगी ओर अपने पैरेंट को हमेशा प्यार कीजिए। उनका हमेशा आदर सम्मान करिए।

## कुणाल खेमू से 10 साल पहले हुए शादी, आज भी सोहा अली खान होती हैं ट्रोल



**सोहा अली** खान ने इंटरकास्ट मैरिज और ट्रोलिंग पर खुलकर बात की. उन्होंने बताया कि उनके परिवार ने समाज की गहरी मानसिकता का सामना किया. सोहा ने अपनी नानी और मां के संघर्षों का जिक्र किया.

सोहा अली खान इन दिनों फिल्म छोरी 2 को लेकर सुर्खियों में हैं. फिल्म में उनके रोल की काफी तारीफ हो रही है. सोहा अली खान मुस्लिम धर्म से ताल्लुक रखती हैं, लेकिन उन्होंने हिंदू धर्म से ताल्लुक रखने वाले कुणाल खेमू से इंटरकास्ट मैरिज की. ये उनके परिवार के लिए नया नहीं था. पहले मां शर्मिला टैगोर और भाई सैफ अली खान भी ऐसा कर चुके थे. लेकिन इसके बाद भी उन्हें ट्रोलिंग झेलनी पड़ी.

सोहा ने बताया कि उनके पूर्वजों ने अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए जगह बनाने के लिए कितनी कठिनाइयों का सामना किया. हाल ही में इंडियरन एक्सप्रेस के साथ एक बातचीत में उन्होंने इत बारे में बात की,

सोहा ने अपनी मां और दिग्गज अदाकारा शर्मिला टैगोर पर समाज के दबावों पर भी बात की. उन्होंने कहा, उन्हें पूरी जिंदगी पूछा गया कि आपके पति ने आपको काम करने, एक्ट्रेस बनने की अनुमति कैसे दी? क्योंकि यह माना जाता था कि सभ्य और अच्छी लड़कियां एक्ट्रेस नहीं बनतीं.

## खेल

### न्यूज ब्रीफ

#### मंधाना बनी महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्ना गिरी जेट्स की आइकन खिलाड़ी



**पुणे (एजेंसी)** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को गुरुवार को रत्नागिरी जेट्स का आइकन खिलाड़ी नामित किया गया जो महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (डब्लूएमपीएल) में खेलेगी। डब्लूएमपीएल का पहला टूनार्मेंट पिछले साल जून में खेला जाना था लेकिन दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम के भारत दौरे के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था और बाद में इसके आयोजन के लिए सही तारीख नहीं मिल पाई थी। रत्नागिरी जेट्स ने लगातार दो वर्षों तक महाराष्ट्र प्रीमियर लीग का पुरुष टूनार्मेंट जीता है।

#### दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर जुर्माना

**नयी दिल्ली (भाषा)** दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जमा किया गया है। बुधवार को खेला गया यह मैच काफी रोमांचक रहा था जिसमें दिल्ली ने सुपर ओवर में जीत हासिल की थी। आईपीएल के बयान के अनुसार, भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने आईपीएल आचार संहिता के खेल भावना से विपरीत आचरण करने से संबंधित अनुच्छेद 2.20 के लेवल एक का अपराध स्वीकार कर लिया है।

## फ्रेंच ओपन में सम्मानित होंगे 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल

**पेरिस (एजेंसी)** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन रफेल नडाल को फ्रेंच ओपन के शुरूआती दिन 25 मई को कोर्ट फिलिप चैट्रियर में सम्मानित किया जाएगा। फ्रेंच ओपन में रिकॉर्ड 14 बार के विजेता नडाल ने पिछले साल नवंबर में खेल से संन्यास ले लिया था। फ्रेंच ओपन की निदेशक एमिली मौरेस्मो ने बृहस्पतिवार को कहा, ह्यह्यराफा ने कई मायनों में फ्रेंच ओपन के इतिहास पर अपनी छाप छोड़ी है इसलिए उनके सम्मान में एक समारोह आयोजित किया जाएगा।ह्नह्न

क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम के गलियारे में पहले से ही नडाल की एक प्रतिमा बनी हुई है। वह टूनार्मेंट संग्रहालय में एक प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे और आधिकारिक फ्रेंच ओपन ट्रेलर में अपनी आवाज देंगे। नडाल फ्रेंच ओपन में अंतिम दफा 2024 में खेले थे लेकिन इसमें पहले दौर में ही एलेक्जेंडर ज्वेरेव से हार गए थे।



## पंजाब किंग्स से जुड़ने के बाद से ही सीनियर खिलाड़ी होने का अहसास हो रहा है : अर्शदीप

**मुल्लांपुर (एजेंसी)** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जब से वह पंजाब किंग्स की टीम से जुड़े हैं तब से उन्हें सीनियर खिलाड़ी होने का अहसास हो रहा है तथा उन्होंने उन पर भरोसा दिखाने के लिए इस आईपीएल फ्रेंचाइजी का आभार व्यक्त किया। यह 26 वर्षीय खिलाड़ी जब किशोर था तभी पंजाब किंग्स (पूर्व में किंग्स इलेवन पंजाब) से जुड़ गया था और तब से वह इस टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं और उसकी तेज गेंदबाजी की अगुवाई कर रहे हैं।

अर्शदीप ने पंजाब की तरफ से सात सत्र में 84 विकेट लिए हैं। उन्होंने पिछले साल 19 विकेट लिए थे जो किसी एक सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वह आईपीएल के मौजूदा टूनार्मेंट में अभी तक आठ विकेट ले चुके हैं।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने कैंडिड विद किंग्स एपिसोड के दौरान कहा, जबसे मैं पंजाब किंग्स से जुड़ा हूं तब से पहले साल को छोड़कर मुझे अहसास होने लगा था कि मैं सीनियर खिलाड़ी हूं। मैं पिछले सात साल से इस टीम से जुड़ा हूं तथा पहले साल के बाद मुझे महसूस होने लगा था कि मुझे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उन्होंने कहा, मुझे जो जिम्मेदारी दी गई उससे मुझे भारतीय टीम और फ्रेंचाइजी टीम में एक खिलाड़ी और एक व्यक्ति के रूप में बेहतर बनने में मदद मिली। अर्शदीप ने कहा कि उन्हें बहुत पहले समझ में आ गया था कि छोटी सी गलती भी टीम पर भारी पड़ सकती है और इसलिए उन्हें मैदान पर हर समय सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा, मेरी भूमिका काफी पहले स्पष्ट कर दी गई थी और इसलिए मैं जानता था कि मैच के महत्वपूर्ण पलों में मुझे कोई गलती नहीं करनी है क्योंकि ऐसे समय में रणनीति के अनुसार काम नहीं करने पर टीम गंभीर संकट में पड़ सकती है। इसलिए मैं अपनी भूमिका के प्रति गंभीर हो गया और बहुत पहले से सीनियर खिलाड़ी की तरह सोचने लगा।



## पंजाब के स्पिन आक्रमण के सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा आरसीबी के बल्लेबाजों को

**बेंगलुरु (एजेंसी)** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को अगर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है तो उसके बल्लेबाजों को शुक्रवार को यहां होने वाले मैच में युजवेंद्र चहल की अगुवाई वाले पंजाब किंग्स के स्पिन आक्रमण का डटकर सामना करना होगा।

आरसीबी के बल्लेबाजों को यहां की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के आर साई किशोर तथा दिल्ली कैपिटल्स के कुलदीप यादव और विपराज निगम के सामने संघर्ष करना पड़ा था तथा चहल और ग्लेन मैक्सवेल उसकी इस कमजोरी का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे।

यही नहीं चहल और मैक्सवेल लंबे समय तक आरसीबी की तरफ से खेलते रहे हैं और यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ चार विकेट लेकर फॉर्म में लौटने वाले चहल का सामना करना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होता जबकि मैक्सवेल को बल्लेबाजी में खराब प्रदर्शन के बावजूद अंतिम एकादश में जगह मिलना तय है। चहल जादुई गेंदों के बजाय लेंथ के मास्टर हैं। यह लेग स्पिनर ऑफ-स्टंप के बाहर गेंद करके बल्लेबाजों को लंबे शॉट खेलने का लालच देता है जिससे कि वह सीमा रेखा के करीब कैच दे देते हैं। वह अपनी गति में भी काफी चतुराई से बदलाव करते हैं और यदि बल्लेबाजों को उनके खिलाफ छक्के मारने हैं तो उन्हें अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत होती है।

मैक्सवेल भी एक ऐसा स्पिनर है, जो बड़े टर्न या डिपर्स के बजाय नियंत्रण पर भरोसा करता है।

आरसीबी के पास क्रुणाल पंड्या और सुयश शर्मा के रूप में अच्छे स्पिनर हैं और टीम उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। पंजाब टीम के पास अर्शदीप सिंह और मार्को यानसन के रूप में अच्छे तेज गेंदबाज हैं, हालांकि वे आरसीबी के जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार जितने अनुभवी नहीं हैं।

अगर कप्तानों की बात करें तो रजत पाटीदार और श्रेयस अय्यर में बहुत कम समानता है। इस टूनार्मेंट में एक बल्लेबाज के रूप में शानदार रिकार्ड रखने वाले अय्यर ने आईपीएल विजेता कप्तान के रूप में अपनी साख साबित की है। दूसरी तरफ पाटीदार आईपीएल में पहली बार कप्तान बने हैं।

लेकिन असमानता यहीं पर खत्म हो जाती है क्योंकि यह दोनों खिलाड़ी शांत रहकर बड़ी कुशलता से अपनी टीमों का नेतृत्व कर रहे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों को स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अच्छा बल्लेबाज माना जाता है और इसलिए बल्लेबाजी में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।




## टी20 मुंबई लीग का चेहरा होंगे रोहित शर्मा, भारतीय खिलाड़ी भी खेल सकते हैं

**मुंबई(एजेंसी)** भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा टी20 मुंबई लीग के दूत होंगे और एमसीए को उम्मीद है कि श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव जैसे सितारे भी इस टूनार्मेंट में भाग लेंगे जो कोरोना महामारी के कारण दो सत्र बाद आयोजित नहीं किया जा सका ।

यह लीग 2018 और 2019 में खेली गई थी जिसके बाद कोरोना महामारी के कारण बंद हो गई । रोहित टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं लेकिन आईपीएल खेलते हैं ।

मुंबई के नामचीन खिलाड़ियों में रोहित के अलावा सूर्यकुमार, श्रेयस, अजिंक्य रहाणे, शिवम दुबे, तुषार देशपांडे और पृथ्वी साव हैं । टेस्ट बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल कुछ दिन पहले मुंबई से गोवा चले गए ।

एमसीए के एक अधिकारी ने कहा ,ह्यह्यहमने मुंबई के खिलाड़ियों के लिये इसमें भाग लेना अनिवार्य नहीं किया है लेकिन हमें उम्मीद है कि वे टी20 मुंबई लीग खेलेंगे । इससे मुंबई क्रिकेट , क्रिकेटरों और लीग को फायदा मिलेगा ।

एमसीए को टूनार्मेंट के लिये 2800 से अधिक आवेदन मिले हैं ।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।